Teachingninja.in

Latest Govt Job updates

Private Job updates

Free Mock tests available

Visit - teachingninja.in

# UPSSSC

## Previous Year Paper

### Lower-III 26 June 2016

### Official Paper

Teachingninja.in

# UPSSSC लोअर–III भर्ती परीक्षा, 2016


**परीक्षा तिथि : 26-06-2016**

## सामान्य तर्कशक्ति

**निर्देश (प्रश्न संख्या 1 से 4 तक)**

निम्न लाइन ग्राफ एवं तालिका का अध्ययन करें और प्रश्नों के उत्तर दें–

**2009 से 2014 तक का दो कम्पनी A और B की आय और व्यय**




**दो कम्पनी A और B की आय और व्यय का अनुपात**

| वर्ष | व्यय | आय |
|---|---|---|
| 2009 | 4 : 3 | 6 : 5 |
| 2010 | 6 : 5 | 6 : 5 |
| 2011 | 7 : 5 | 4 : 3 |
| 2012 | 3 : 4 | 2 : 3 |
| 2013 | 4 : 5 | 5 : 6 |
| 2014 | 5 : 6 | 7 : 8 |

**1.** वर्ष 2009, 2011 एवं 2014 में कम्पनी B ने कुल कितना लाभ पाया ?

What is the profit gained by company B in 2009, 2011 and 2014 together ?

(A) ₹ 124 करोड़/₹ 124 cr

(B) ₹ 116 करोड़/₹ 116 cr

(C) ₹ 112 करोड़/₹ 112 cr

(D) ₹ 108 करोड़/₹ 108 cr

**1. (B)** आय – व्यय = लाभ

वर्ष 2009 में B की आय $= 396 \times \frac{5}{11}$

$= 180$ करोड़

वर्ष 2009 में B का व्यय $= 336 \times \frac{3}{7}$

$= 144$ करोड़

वर्ष 2009 में B का लाभ $= 180 - 144$

$= 36$ करोड़

वर्ष 2011 में B की आय $= 560 \times \frac{3}{7}$

$= 240$ करोड़

वर्ष 2011 में B का व्यय $= 480 \times \frac{5}{12}$

$= 200$ करोड़

वर्ष 2011 में B का लाभ $= 240 - 200$

$= 40$ करोड़

वर्ष 2014 में B की आय $= 750 \times \frac{8}{15}$

$= 400$ करोड़

वर्ष 2014 में B का व्यय $= 660 \times \frac{6}{11}$

$= 360$ करोड़

वर्ष 2014 में B का लाभ $= 400 - 360$

$= 40$ करोड़

कुल लाभ $= 36 + 40 + 40$

$= 116$ करोड़

**2.** किस वर्ष में कम्पनी A की आय, दूसरे सर्वोच्च स्थान पर थी ?

In which year was the income of company A the second highest ?

(A) 2014 (B) 2013

(C) 2012 (D) 2011

**2. (D)** वर्ष 2009

A की आय $= \frac{6}{11} \times 396 = 216$ करोड़

वर्ष 2010

A की आय $= \frac{6}{11} \times 550 = 300$ करोड़

वर्ष 2011

A की आय $= \frac{4}{7} \times 560 = 320$ करोड़

वर्ष 2012

A की आय $= \frac{2}{5} \times 300 = 120$ करोड़

वर्ष 2013

A की आय $= \frac{5}{11} \times 550 = 250$ करोड़

वर्ष 2014

A की आय $= \frac{7}{15} \times 750 = 350$ करोड़

A की सर्वोत्तम आय वर्ष 2014 में ₹ 350 करोड़ थी। दूसरे सर्वोत्तम स्थान पर वर्ष 2011 में ₹ 320 करोड़ थी।

**3.** कितने प्रतिशत से कम्पनी B की 2010 से 2011 में लाभ की वृद्धि हुई ?

By what percent, was the profit gained by company B increased from 2010 to 2011 ?

(A) 37.5% (B) 50%

(C) 60% (D) 62.5%

**3. (C)** वर्ष 2010 में B का लाभ

= B की आय – B का व्यय

$= \frac{550 \times 5}{11} - \frac{495 \times 5}{11}$

$= 250 - 225 =$ ₹ 25 करोड़

वर्ष 2011 में B का लाभ = B की आय – B का व्यय

$= \frac{560 \times 3}{7} - \frac{480 \times 5}{12}$

$= 240 - 200 =$ ₹ 40 करोड़

∴ लाभ का वृद्धि प्रतिशत

$= \frac{(40-25)}{25} \times 100 = 60\%$

**4.** वर्ष 2014 में कम्पनी A का लाभ कम्पनी B की तुलना में कितने प्रतिशत था ?

The profit percent of company A in 2014 is what percent of the profit percentage of company B in the same year ?

(A) 150% (B) 80%

(C) 125% (D) $66\frac{2}{3}\%$

**4. (C)** वर्ष 2014 में A का लाभ

= A की आय – A का व्यय

$= \frac{750 \times 7}{15} - \frac{660 \times 5}{11}$

$= 350 - 300 =$ ₹ 50 करोड़



Teachingninja.in

वर्ष 2014 में B का लाभ

= B की आय – B का व्यय

$= \frac{750 \times 8}{15} - \frac{660 \times 6}{11}$

= 400 – 360 = ₹ 40 करोड़

∴ वर्ष 2014 में कम्पनी A का लाभ कम्पनी B की तुलना में

$= \frac{50}{40} \times 100 \Rightarrow 125\%$


**निर्देश (प्रश्न संख्या 5 से 9 तक)**

Mr. A, Mr. B. Mrs. C., Mrs. D, Mr. E और Miss F, एक बैंक के सदस्य है। उनकी पोजीशन इस प्रकार है– प्रबंधक, सहायक प्रबंधक, कैशियर, स्टेनो, टेलर और क्लर्क। यह अनिवार्य नहीं की सब इसी क्रम में हों।

सहायक प्रबंधक, प्रबंधक का पोता है। कैशियर स्टेनोग्राफर का दामाद है। Mr. A अविवाहित है। Mrs. D टेलर की सौतेली बहन है। Mr. E प्रबंधक के पति है। Mr. B का कोई पोता या दामाद नहीं हो सकता, चूंकि वो 20 वर्षीय है। D और F प्रबंधक नहीं है।

The member of a bank are Mr. A. Mr. B, Mrs. C, Mrs. D, Mr. E E and Miss F. The positions they occupy are Manager, Asstt. Manager Cashier, Steno, Teller and a Clerk, though not necessarily in order. The Asstt. Manager is Manager's Grandson. Cashier is Stenographer's son-in-law. Mr. A is bachelor. Mrs D is teller's step-sister and Mr. E is Manager's husband. Mr. B cannot have grandson or son-in-law as he is only 20 years old. D and F are not Manager.

(+) पुरुष को तथा (–) महिला को प्रदर्शित करता है।




5. प्रबन्धक कौन है ?

Who is the Manager ?

(A) Mr. A

(B) Mrs. C

(C) Mr. E

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं/None of the above)

5. (B) Mrs. C प्रबन्धक है।

6. सहायक प्रबंधक कौन है ?

Who is Asstt. Manager ?

(A) Mr. A (B) Miss. F

(C) Mrs. C (D) Mr. B

6. (A) Mr. A सहायक प्रबन्धक है।

7. टेलर कौन है ?

Who is Teller ?

(A) Miss F (B) Mrs. C

(C) Mr. A (D) Mrs. D

7. (A) Miss F टेलर है।

8. क्लर्क कौन है ?

Who is Clerk ?

(A) Mr. B

(B) Mrs. D

(C) Miss F

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं/None of the above)

8. (B) Mrs. D क्लर्क है।

9. कैशियर कौन है ?

Who is the Cashier ?

(A) Mr. A व Mrs. D

(B) Miss F

(C) Mr. B

(D) Mrs. C

9. (C) Mr. B कैशियर है।

10. राहुल 2 किमी पश्चिम की ओर चलता है और फिर वो उत्तर की तरफ मुड़ता है और 5 किमी. चलता है। फिर वह पश्चिम की तरफ मुड़ता है और 3 किमी चलता है। इसके बाद वह उत्तर की तरफ मुड़ता है और 7 किमी चलता है। अब वह प्रस्थान बिन्दु से किस दिशा में है ?

Rahul walks 2 km to west and then he turns to North and walks 5 km. Again he truns to west and walks 3 km. After this he turns to north and walks 7 km. In which direction is he from the starting point ?


(A) उत्तर–पूर्व/North-East

(B) उत्तर/North

(C) उत्तर–पश्चिम/North-West

(D) पूर्व/East

10. (C)




अब वह प्रारम्भिक बिन्दु से उत्तर-पश्चिम दिशा में है।

11. यदि कोड में 'NEPALI' को '6-15-0-15-10-13' लिखते हैं, तो उसी कोड में 'STEXQG' को कैसे लिखेंगे ?

In certain code 'NEPALI' is written as '6-15-0-15-10-13'. How 'STEXQG' be written in that code ?


(A) 21-20-23-4-8-18

(B) 24-20-21-8-18-1


(C) 18-8-24-20-21-5

(D) 20-21-24-5-8-18

11. (A) जिस प्रकार,




उसी प्रकार,




'S T E X Q G' को कूट भाषा में '21 - 20 - 23 - 4 - 8 - 18' लिखेंगे।


12. यदि कोड भाषा में "WEAVE" को "FEZVX" लिखते हैं, तो उसी कोड भाषा में "ELEVATE" को कैसे लिखेंगे ?

In a certain code language, "WEAVE" is written as "FEZVX". How will "ELEVATE" be written in that code language?

(A) ELFUATF (B) FLEAUTF

(C) FLEUAFT (D) FLEUATF


12. (D) जिस प्रकार,






Teachingninja.in

उसी प्रकार,




'ELEVATE' को कूट भाषा में 'FLEUATF' लिखेंगे।

**13.** निम्न में से तीन एक समान हैं और इसलिए एक समूह बनाते हैं। कौन–सा समूह का हिस्सा नहीं है ?

Three of the following are alike and so form a group. Which is the one that does not belong to that group ?


(A) पाली/Pali (B) शर्की/Sharki

(C) पाब्लो/Pablo (D) नोर्टे/Norte

**13.** (C) पाब्लो इसमें अलग है, क्योंकि पाब्लो स्पेनिश में बच्चे का नाम होता है, जबकि बाकी तीनों भाषाओं से सम्बन्धित हैं।

**14.** निम्न सारणी में लुप्त अक्षर ज्ञात कीजिए–

Find out the missing letter in the following table :




(A) R (B) N

(C) M (D) L

**14.** (C) जिस प्रकार, 3 + 2 = 5 = E

तथा 9 + 8 = 17 = Q

तथा 5 + 4 = 9 = I

उसी प्रकार, 7 + 6 = 13 = M

अतः सारणी में लुप्त अक्षर M है।

**15.** अधोलिखित शृंखला में अगली कौन–सी संख्या आएगी ?


Which number will come next in the following series ?

3, 8, 5, 7, 8, 5, 12

(A) 2 (B) 3

(C) 4 (D) 1


**15.** (A) शृंखला निम्नवत् है–




अतः अगली संख्या 2 आएगी।

**16.** नीचे दी गई आकृति में एक लकड़ी का घनाकार गुटका कोर 3 सेमी का है, जिसके सभी फलक काले रंग से रंग दिये गये हैं। यदि गुटके को बिन्दुकित रेखाओं के अनुसार काटकर 27 गुटके 1 सेमी$^3$ आयतन के बना दिये जाएँ, तो इनमें से रंग रहित फलकों वाले गुटकों की संख्या है–

The following figures represents a wooden block of cube shape with 3 cm as its edge and all the face of the cube are painted black. If the cube is cut along the dotted lines and 27 new cubes are formed with a volume of 1 cm$^3$, each. What will be the no. of non-painted blocks ?



(A) 1 (B) 3

(C) 6 (D) 9

**16.** (A) $n = \sqrt[3]{\text{कुल घन}}$

$n = \sqrt[3]{27}$

$\sqrt[3]{3 \times 3 \times 3} = 3$


रंगहीन सतह वाले घनों की संख्या

$= (n-2)^3$

$= (3-2)^3 = 1$

**17.** प्रश्न चित्र पर आधारित है जिसमें–

The figure shows :




1. आयत पुरुषों को दर्शाता है।
2. वृत्त शहरियों को दर्शाता है।
3. वर्ग शिक्षितों को दर्शाता है।
4. त्रिभुज सिविल सर्वेन्टों को दर्शाता है।

वह संख्या जो अशिक्षित शहरी पुरुषों को दर्शाती है ?

1. Rectangle denotes male
2. Circle denotes urban
3. Square denotes educated
4. Triangle denotes civil servant

The number which denotes Uneducated Urban Male :

(A) 4 (B) 5

(C) 7 (D) 1

**17.** (B) शिक्षित–10, 3, 8, 9

शहरी–4, 8, 9, ⑤

पुरुष–7, 2, 10, 3, 8, 9, ⑤, 6

5 संख्या अशिक्षित शहरी पुरुषों को दर्शाती है।

**18.** एक समतल में रेखा X, रेखा Y के अनुलंब है और रेखा Z के समांतर है; रेखा U रेखा V और रेखा W दोनों के अनुलंब है; रेखा X रेखा V के अनुलंब है। निम्नलिखित में से कौन-सा एक कथन सही है ?

In a plane, line X is perpendicular to line Y and parallel to line Z; line U is perpendicular to both lines V and W; line X is perpendicular to line V. Which one of the following statement is correct ?


(A) Z, U और W समान्तर हैं/Z, U and W are parallel

(B) X, V और Y समान्तर हैं/X, V and Y are parallel


(C) Z, V और U सभी W के अनुलंब हैं/Z, V and U are all perpendicular to W

(D) Y, V और W समान्तर हैं/Y, V and W are parallel

**18.** (D)




दोनों आरेखों से →





आरेखों से स्पष्ट है कि Y, V तथा W समान्तर हैं तथा Z, X तथा U अनुलम्ब हैं।

अतः विकल्प (D) सही है।

**19.** अग्रांकित आकृति पर विचार कीजिए और उसके नीचे दिये गये प्रश्न का उत्तर दीजिए :

Consider the following Figure and answer the question that follows :




उपरोक्त आकृति में त्रिभुजों की कुल संख्या कितनी है ?

What is the total number of triangle in the above grid ?

(A) 27 (B) 26

(C) 23 (D) 22

**19.** (C)




त्रिभुज 4 भागों में विभजित है।

इसलिए $n = 4$

**सूत्र–सम के लिए–**

त्रिभुजों की संख्या $= \frac{n(n+2)(2n+1)}{8}$

**विषम के लिए–**

त्रिभुजों की संख्या

$$= \frac{[n(n+2)(2n+1)-1]}{8}$$

त्रिभुजों की संख्या

$$= \frac{4 \times (4+2) \times (2 \times 4 + 1)}{8}$$

$$= \frac{4 \times 6 \times 9}{8} = 27$$

दी गई आकृति में नीचे 4 त्रिभुज कम हैं।

अतः त्रिभुजों की कुल संख्या $= (27 - 4) = 23$ है।

**20.** एक मेज पर लाल, हरी और पीले रंग की कुछ गेंदें रखी हुई हैं। जितनी पीली गेंदें हैं, उतनी ही लाल गेंदें हैं। पीली गेंदें, हरी गेंदों से दुगनी हैं। लाल गेंदों की संख्या–

There are some balls of red, green and yellow colour lying on a table. There are as many red balls as there are yellow balls. There are twice as many yellow balls as there are green ones. The number of red ball is :

(A) पीली और हरी गेंदों के जोड़ जितनी है/is equal to the sum of yellow and green balls

(B) हरी गेंदों से दोगुनी है/is double the number of green balls

(C) पीली गेंदों में से हरी गेंदों को घटाकर जो संख्या होगी उतनी है/is equal to yellow balls minus green balls

(D) नहीं बताई जा सकती है/cannot be ascertained

**20.** (B) माना हरी गेंदों की संख्या $= x$

पीली, गेंदों की संख्या, हरी गेंदों से दुगनी है

तो पीली गेंदों की संख्या $= 2x$

लाल, गेंदों की संख्या, पीली गेंदों के बराबर है,

तो लाल गेंदों की संख्या $= 2x$

अतः लाल गेंदों की संख्या, हरी गेंदों से दुगनी है। विकल्प (B) सही है।

**21.** निम्नलिखित आव्यूह पर विचार कीजिए।

ऊपर दिये गये आव्यूह में X के स्थान पर कौन-सी संख्या है ?

Consider the following matrix :

What is the number at X in the above matrix ?

| | | |
|---|---|---|
| 3 | 370 | 7 |
| 2 | 224 | 6 |
| 1 | 730 | X |

(A) 5 (B) 8

(C) 9 (D) 11

**21.** (C) जिस प्रकार,

$(3)^3 + (7)^3 = 27 + 343 = 370$

$(2)^3 + (6)^3 = 8 + 216 = 224$

उसी प्रकार,

$(1)^3 + (x)^3 = 730$

$(x)^3 = 730 - 1 = 729$

$x = 9$

**22.** दिया है–

1. A, B का भाई है।
2. C, A का पिता है।
3. D, E का भाई है
4. E, B की पुत्री है।

तो D का चाचा कौन है ?

Given that


1. A is the brother of B.
2. C is the father of A.
3. D is the brother of E.
4. E is the daughter of B

Then, the uncle of D is :

(A) A (B) B

(C) C (D) E

**22.** (A)




D तथा E भाई–बहन हैं। D तथा E दोनों B की सन्तान हैं। A, B का भाई है, तो A, D का चाचा लगेगा।

**निर्देश (प्रश्न संख्या 23 से 25 तक)**

निम्नलिखित कथनों का सावधानी से परीक्षण कीजिए और उसके बाद आने वाले तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

चार मित्रों A, B, C और D में से A और B फुटबॉल और क्रिकेट खेलते हैं। B और C क्रिकेट और हॉकी खेलते हैं। A और D बास्केटबॉल और फुटबॉल खेलते हैं, C और D हॉकी और बास्केटबॉल खेलते हैं।

Examine carefully the following statements and answer the three questions that follows : Out of four friends A, B, C and D, A and B play football and cricket. B and C play cricket and hockey. A and D play basketball and football. C and D play hockey and basketball.

व्यक्ति व खेल

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| फुटबॉल | ✓ | ✓ | ✗ | ✓ |
| क्रिकेट | ✓ | ✓ | ✓ | ✗ |
| बास्केटबॉल | ✓ | ✗ | ✓ | ✓ |
| हॉकी | ✗ | ✓ | ✓ | ✓ |

**23.** B, C और D कौन-सा खेल खेलते हैं ?

Which game do B, C and D play ?

(A) बास्केट बॉल/Basketball

(B) हॉकी/Hockey

(C) क्रिकेट/Cricket

(D) फुटबॉल/Football

**23.** (B) B, C तथा D तीनों हॉकी खेलते हैं।

**24.** फुटबॉल, बास्केटबॉल और हॉकी कौन खेलता है ?

Who play football, basketball and hockey ?

(A) D (B) C

(C) B (D) A

24. (A) D फुटबॉल, बास्केटबॉल तथा हॉकी तीनों खेल खेलता है।

25. हॉकी कौन नहीं खेलता है ?

Who does not play Hockey ?

(A) D (B) C

(C) B (D) A

25. (D) केवल A हॉकी नहीं खेलता है।

26. पूँजी खाता में परिवर्तनीयता के सन्दर्भ में निम्न कथनों पर विचार कीजिए।

With reference to the Capital Account Convertibility (CAC). Consider the following statements :

(1) यह भारत से विश्व के विभिन्न देशों में होने वाले पूँजी प्रवाह के सम्बन्ध में समस्त सीमाओं के उन्मूलन को संदर्भित करता है।

It refers to the abolition of all limitation with respect to the movement of capital from India to different countries across the globe.

(2) यह भारत में आय स्तर का निष्पक्ष आवंटन करता है।

It brings about a fair allocation of the income level in India.

(3) यह भारत में अंतर्राष्ट्रीय पूँजी के कुशल विनियोग अथवा वितरण में सहयोग करता है।

It helps in the efficiency appropriation or distribution of international capital in India.

उपरोक्त में से सही कथन का चयन कीजिए–

Choose the correct answer from the statements given above :

(A) 1 और 2/1 & 2

(B) 2 और 3/2 & 3

(C) 1 और 3/1 & 3

(D) 1, 2 और 3/1, 2 & 3

26. (D) 1, 2 और 3 कथन सत्य हैं।

भुगतान संतुलन का तात्पर्य–एक देश का विश्व के साथ होने वाले समस्त लेन–देन के लेखा से है। भुगतान संतुलन में दो खाते होते हैं, जिनमें समस्त लेन–देन दर्ज किये जाते हैं।

चालू खाता–वस्तु व्यापार, सेवा व्यापार, अन्य अंतरण।

पूँजी खाता–पूँजी निवेश, उधार आदि।

पूँजी खाते को परिवर्तनीय बनाकर पूँजी प्रवाह पर लगे विभिन्न सीमा/प्रतिबंध को हटाया जाता है। इससे भारतीय पूँजी का अन्य देशों में व अन्तर्राष्ट्रीय पूँजी का भारत में लाभकारी निवेश किया जा सकता है।

27. ध्यानचन्द पुरस्कार में कितना नकद इनाम प्रदान किया जाता है ?

How much cash prize is awarded in Dhyan Chand Award ?

(A) ₹ 10,00,000 (B) ₹ 25,00,000

(C) ₹ 5,00,000 (D) ₹ 8,00,000

27. (C) ध्यानचन्द्र पुरस्कार खेलों के क्षेत्र में लाइफ टाइम उपलब्धियों के लिए दिया जाता है। पुरस्कार राशि 5 लाख है। यह वर्ष 2002 में प्रारंभ किया गया था।

राजीव गाँधी खेल रत्न की पुरस्कार राशि 7.5 लाख, ज्ञानपीठ में ₹ 12 लाख दिये जाते हैं।

28. भारतीय अर्थव्यवस्था के बारे में अमर्त्य सेन के सुझावों से सम्बन्धित निम्नांकित कथनों पर विचार कीजिए–

Consider the following statements about Amartya Sen's advice regarding priorities for India Economy.

(1) इसे वस्तु उन्मुख होना चाहिए।/It should be commodity oriented

(2) इसे जन–उन्मुख होना चाहिए।/It should be people-oriented

(3) सबसे अधिक निर्धन व्यक्ति की आर्थिक सुरक्षा होनी चाहिए।/Economic Security to the poorest of the poor

(4) विश्व अर्थव्यवस्था में इनके एकीकरण के साथ राष्ट्रीय बचाव होना चाहिए।/Safeguards against integration of these with world economy.

(A) 1, 2 तथा 3 सही हैं/1, 2 & 3 are correct

(B) 2, 3 तथा 4 सही हैं/2, 3 & 4 are correct

(C) 1, 3 तथा 4 सही हैं/1, 3 & 4 are correct

(D) 1, 2 तथा 4 सही हैं/1, 2 & 4 are correct

28. (B) विकास के सम्बन्ध में अमर्त्य सेन का सिद्धान्त, 'ह्यूमन डेवलपमेन्ट एण्ड कैपेबिलटी एप्रोच' कहा जाता है। इसके अनुसार केवल वस्तुओं का उत्पादन बढ़ाने से विकास नहीं होता बल्कि, मानव विकास के द्वारा ही उत्पत्ति की जा सकती है। भारत में भी विकास हेतु (2) जन-उन्मुख, (3) निर्धन की आर्थिक सुरक्षा, (4) पर्याप्त सुरक्षात्मक उपाय के साथ विश्व अर्थव्यवस्था में शामिल होने पर फोकस करना चाहिए।

29. पहला कठपुतली मुगल सम्राट कौन था ?

Who was the first puppet Mughal Emperor ?

(A) जहांदारा शाह/Jahandar Shah

(B) बहादुर शाह/Bahadur Shah

(C) फर्रुखसियर/Farrukhsiyar

(D) मोहम्मद शाह/Muhammad Shah

29. (A) जहांदाराशाह–(1712–1713) प्रथम कठपुतली मुगल शासक था जो जुल्फिकार खाँ के इशारे पर कार्य करता था। जुल्फिकार जहांदाराशाह के दरबार में वजीर था। फर्रुखसियर, मोहम्मदशाह भी कठपुतली शासक थे, क्योंकि वे सैयद बन्धुओं के इशारों पर शासन करते थे।

30. इनमें से किसे 'स्किल इण्डिया' अभियान का ब्रान्ड एंबेसडर बनाया गया है ?

Who has been nominated as Brand Ambassador of "Skill India Mission" ?

(A) सचिन तेंदुलकर/Sachin Tendulkar

(B) सानिया मिर्जा/Sania Mirza

(C) विद्या बालन/Vidya Balan

(D) प्रियंका चोपड़ा/Priyanka Chopra

30. (A) सचिन तेन्दुलकर को स्किल इण्डिया अभियान का ब्राण्ड एंबेसडर नियुक्त किया गया। भारत सरकार के अन्य प्रमुख ब्रांड एंबेसडर निम्नलिखित हैं–

अनुष्का शर्मा – स्वच्छ भारत मिशन

अमिताभ बच्चन – GST, स्वच्छ भारत अभियान, पल्स पोलियो अभियान

साक्षी मलिक – बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ

दीया मिर्जा – स्वच्छ साथी

31. प्रसिद्ध वादक उस्ताद बिंदा खान द्वारा बजाने वाला वाद्य है–

Which instrument was played by famous instrumentalist Ustad Binda Khan ?

(A) सारंगी/Sarangi (B) वायलिन/Violin

(C) मृदंग/Mridang (D) संतूर/Santoor

31. (A) उस्ताद बिंदा खान–सारंगी वादक हैं। भारत में अन्य प्रमुख संगीत वादक निम्न हैं–

वायलिन – बालाभास्कर, सुन्दरराजन, जौहर अली

संतूर वादक– शिव कुमार शर्मा, राहुल शर्मा, तरुण भट्टाचार्य

32. नेतृत्व का कौन–सा सिद्धान्त सम्पूर्ण व वैज्ञानिक माना जाता है ?



Teachingninja.in

Which one is the complete and scientific theory of leadership ?

(A) स्थिति का सिद्धान्त/Situational Theory

(B) बहुकारक का सिद्धान्त/Multifactor Theory

(C) व्यक्तिगत गुणों व स्थिति का सिद्धान्त/Personal and Stiuational Theory

(D) आनुवंशिक सिद्धान्त/Genetic Theory

**32.** (B) थर्स्टन का बहुकारक सिद्धान्त मूलतः बुद्धि के बहुकारक सिद्धान्त पर आधारित है। इसके अनुसार बुद्धि सरल एव विशात्मक नहीं बल्कि बहुकारक स्वरूप की होती है।

**33.** किसे पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित नहीं किया गया है ?

Who has not been conferred with Padma Shri Award ?

(A) विद्या बालन/Vidya Balan

(B) रघुनाथ माशेलकर/Raghu Nath Mashelkar

(C) युवराज सिंह/Yuraj Singh

(D) मोहम्मद अली बेग/Mohammad Ali Baig

**33.** (B) रघुनाथ माशेलकर–विकल्प में दिये गये सभी व्यक्तियों को पद्मश्री पुरस्कार दिया गया है। रघुनाथ माशेलकर को 1992 में यह पुरस्कार दिया गया। 2014 में उन्हें पद्म विभूषण दिया गया।

**34.** भारतीय नौसेना में सर्वोच्च स्थान पर कौन-सा कमीशन्ड अधिकारी होता है ?

Who is at the highest ranked commissioned officers in Indian Navy ?

(A) जनरल/General

(B) एयर चीफ मार्शल/Air Chief Marshal

(C) एडमिरल/Admiral

(D) उप-लेफ्टिनेन्ट/Sub-Lieutenant

**34.** (C) एडमिरल–भारतीय नौसेना में सर्वोच्च अधिकारी है।

जनरल–थल सेना का सर्वोच्च अधिकारी।

एयर मार्शल–एयर फोर्स का सर्वोच्च अधिकारी।

**35.** संयुक्त राज्य अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन ने लखनऊ के पास जबरौली गाँव का दौरा किस मिशन पर किया ?

Former President of the United States of America, Bill Clinton visited Jabrouli village, near Lucknow, on an awareness mission on :

(A) मलेरिया/Malaria

(B) डायरिया/Diarrhoea

(C) शिक्षा/Education

(D) एड्स/AIDS

**35.** (B) 17 जुलाई, 2014 को संयुक्त राज्य अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन द्वारा लखनऊ के पास जबरौली गाँव का दौरा डायरिया मिशन के अन्तर्गत किया गया।

**36.** सविनय अवज्ञा आन्दोलन की शुरुआत के पहले वायसराय को गाँधी जी का 11 सूत्रीय चेतावनी दी गयी थी।

इन चेतावनियों के सन्दर्भ में क्या सही है ?

Gandhi's 11 points ultimatum was given to the viceroy before starting Civil Disobedience Movement. What are correct with respect to This ultimatum ?

(1) रुपया–डॉलर विनिमय दर को कम करना।

Reduce Rupee - Dollar exchange rates

(2) भू-राजस्व में 50 प्रतिशत की कमी करना।

Reduce land revenue by 50%

(3) राजनैतिक कैदियों को रिहा करना।

Release political prisoners

(A) 1 और 2/1 & 2

(B) 2 और 3/2 & 3

(C) 1 और 3/1 & 3

(D) 1, 2 और 3/1, 2 & 3

**36.** (B) 1930 में सविनय अवज्ञा आंदोलन शुरू करने से पूर्व गाँधी जी ने 11 सूत्रीय माँग वायसराय इरविन के समक्ष रखी थीं। इसमें, (1) भूराजस्व की दर कम करने, (2) राजनीतिक बंदियों की रिहाई, (3) रुपये पाउण्ड विनिमय दर कम करने, के साथ नमक कर समाप्त करने, सैनिक व्यय में कटौती, आत्म-रक्षा के लिए हथियार रखने, शराब बंदी, पोस्टल आरक्षण बिल, CID विभाग समाप्त करने की माँग शामिल थी।

**37.** दक्षिणी गोलार्द्ध में सबसे छोटा दिन–

Which is the shortest day in Southern Hemisphere ?

(A) 22 दिसम्बर/22nd December

(B) 21 जून/21st June

(C) 21 मार्च/21st March

(D) 23 सितम्बर/23rd September

**37.** (B) 21 जून–(कर्क संक्रान्ति)–दक्षिण गोलार्द्ध का सबसे छोटा व उत्तरी गोलार्द्ध का सबसे बड़ा दिन है। 22 दिसम्बर (मकर सक्रान्ति) दक्षिणी गोलार्द्ध का सबसे बड़ा उत्तरी गोलार्द्ध का सबसे छोटा दिन है।

21 मार्च व 23 सितम्बर को दोनों गोलार्द्ध में दिन व रात की अवधि बराबर होती है।

**38.** सूची–I को सूची–II के साथ सुमेलित कीजिए–

| सूची–I (देश) | सूची–II (राजधानी) |
|---|---|
| a. तंजानिया | 1. रवात |
| b. केन्या | 2. नैरोबी |
| c. नामीबिया | 3. डोडोमा |
| d. मोरक्को | 4. विंडहोयेक |

Match list-I with list-II

| List-I (Country) | List-II (Capital) |
|---|---|
| a. Tanzania | 1. Rabat |
| b. Kenya | 2. Nairobi |
| c. Namibia | 3. Dodoma |
| d. Morocco | 4. Windhoek |

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 3 | 2 | 4 | 1 |
| (B) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (C) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (D) | 3 | 1 | 4 | 2 |

**38.** (A)

| देश | राजधानी |
|---|---|
| तंजानिया | डोडोमा |
| केन्या | नैरोबी |
| नामीबिया | विंडहोक |
| मोरक्को | रवात |

**39.** निम्नलिखित में से किसने बंगाल के विभाजन (1905) के विरोध में हुए आन्दोलन का नेतृत्व किया था ?

Who among the following lead the agitation against the partition of Bengal (1905) ?

(A) सुरेन्द्रनाथ बनर्जी ने/Surendranath Banerjee

(B) सी. आर. दास ने/C.R. Das

(C) आशुतोष मुखर्जी ने/Ashutosh Mukherjee

(D) रवीन्द्रनाथ टैगोर ने/Rabindranath Tagore

**39.** (A) ब्रिटिश सरकार ने 20 जुलाई, 1905 को बंगाल विभाजन के निर्णय की घोषणा के पश्चात् 7 अगस्त, 1905 ई. को कलकत्ता के टाउन हाल में सम्पन्न एक बैठक में 'स्वदेशी आन्दोलन' की घोषणा हुई तथा बहिष्कार प्रस्ताव पारित हुआ।



Teachingninja.in

बंगाल विभाजन 16 अक्टूबर, 1905 ई. को लागू हुआ। रवीन्द्र नाथ टैगोर के सुझाव पर इसी दिन बंगाल में 'शोक दिवस' मनाया गया तथा इन्हीं के सुझाव पर सम्पूर्ण बंगाल में इसी दिन 'राखी दिवस' भी मनाया गया। इस आन्दोलन का नेतृत्व सुरेन्द्र नाथ बनर्जी द्वारा किया गया था।

**40.** 'निम्बस' किस मेघ को दर्शाता है ?

The name of cloud 'Nimbus' defines :

(A) पंख की तरह लगने वाले/Looking like feather

(B) ढेर की तरह लगने वाले/Looking like heap

(C) वर्षा मेघ/Rain cloud

(D) ऊपर से गोलाकार लगने वाले/Having rounded tops

**40.** (C) **बादल का प्रकार हिन्दी रूपान्तरण**

निम्बस क्लाउड वर्षा मेघ

सिरस क्लाउड पक्षाभ मेघ

क्यूमूलस बादल कपासी मेघ

स्ट्रैटस बादल स्तरीय मेघ

**41.** कनाडियन पैसिफिक रेलवे चलती है–

The Canadian Pacific railway runs between :

(A) डुलुथ और मान्ट्रियल के मध्य/Duluth and Montreal

(B) सरकटून और क्यूबेक के मध्य/Sarkatoon and Quebec

(C) सियाटिल और विनीपेग के मध्य/Seattle and Winning

(D) वैंकूवर और हेलिफैक्स के मध्य/Vancouver and Halifax

**41.** (D) कनाडियन पैसिफिक रेलवे–वैंकूवर से हैलिफैक्स के बीच चलती है।

ट्रान्स साइबेरियन रेलवे–मास्को से व्लाडी वोस्टक

ट्रान्स ऑस्ट्रेलियन रेलवे–अगस्ता से कालगूर्ली

**42.** अनुसूचित जनजाति के संरक्षण के लिए एक क्षेत्र को अनुसूची क्षेत्र के रूप में घोषणा करने की शक्ति किसके पास होती है ?

Who has the power to declare an area as schedule area for the protection of scheduled tribes ?

(A) भारत के प्रधानमंत्री/Prime Minister of India

(B) भारत के राष्ट्रपति/President of India

(C) राज्य के मुख्यमंत्री/Chief Minister of the state

(D) भारत के उपराष्ट्रपति/Voice-President of India

**42.** (B) अनुच्छेद 244 (1) के तहत राष्ट्रपति किसी क्षेत्र को जनजातीय क्षेत्र घोषित करता है।

**43.** उत्तर प्रदेश में 'आसरा योजना' लागू की गयी थी–

Aasra Yojana was started in Uttar Pradesh in :

(A) 2012 (B) 2013

(C) 2014 (D) 2015

**43.** (B) 20 अप्रैल, 2013 को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा शहरी क्षेत्रों के अल्पसंख्यक बहुल मलिन बस्तियों में कम लागत पर रिहायशी मकान उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 'आसरा योजना' की शुरुआत की गयी।

**44.** भारत के संविधान के किस अनुच्छेद के अधीन राज्यों के राज्यपाल को अध्यादेश जारी करने की शक्ति प्राप्त है ?

Under which article of the constitution the governor of states has been empowered to promulgate ordinace ?

(A) अनुच्छेद 123/Article 123

(B) अनुच्छेद 211/Article 211

(C) अनुच्छेद 213/Article 213

(D) अनुच्छेद 212/Article 212

**44.** (C) अनुच्छेद 213–राज्यपाल की अध्यादेश जारी करने की शक्ति।

अनुच्छेद 123–राष्ट्रपति की अध्यादेश जारी करने की शक्ति।

**45.** निम्न में से कौन–सी किताब सरोजिनी नायडू द्वारा लिखित नहीं है ?

Which of the following books is not written by Sarojini Naidu ?

(A) द ब्रोकेन विंग/The Broken Wing

(B) द गोल्डेन थ्रेशॉल्ड / The Golden Threshold

(C) द गोल्डेन बर्ड/The Golden Bird

(D) द बर्ड ऑफ टाइम/The Bird of Time

**45.** (C) द गोल्डन बर्ड के लेखक ग्रिम ब्रॉदर हैं, जबकि द ब्रोकन विण्ड, द. गोल्डन थ्रेसहोल्ड, द वर्ड ऑफ टाइम सरोजिनी नायडू द्वारा लिखी गई हैं।

**46.** निम्नलिखित में से कौन–सी 'मिश्रित खेती' की प्रमुख विशेषता है ?

Which one of the following is the chief characteristic of 'mixed farming' ?

(A) नकदी और खाद्य फसलों की साथ- साथ खेती/Cultivation of both cash crops and food crops

(B) दो या दो से अधिक फसलों को एक ही खेत में उगाना/Cultivation of two or more crops in the same field

(C) पशुपालन और फसल उत्पादन को एक साथ करना/Rearing of animals and cultivation of crops together

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं/None of the above

**46.** (C) मिश्रित खेती–पशुपालन + फसल उत्पादन

मिश्रित फसल–एक साथ दो या अधिक फसल की खेती

**47.** निम्नलिखित में से किस राज्य में 'बहिनी दरबार' समाचार–पत्र महिलाओं द्वारा और महिलाओं के लिये प्रकाशित होता है ?

In which of the following state "Bahini Darbar" a monthly newspaper for the women is published by the women ?

(A) पश्चिम बंगाल/West Bengal

(B) झारखण्ड/Jharkhand

(C) महाराष्ट्र/Maharastra

(D) मध्य प्रदेश/Madhya Pradesh

**47.** (D) 'बहिनी दरबार' समाचार पत्र मध्य प्रदेश के रीवा जिले की जावा तहसील के डाभोरा ब्लॉक से वर्ष 2008 से प्रकाशित किया जा रहा है। यह हस्तलिखित मासिक समाचार पत्र बघेली बोली में प्रकाशित होता है, जिसे महिलाओं द्वारा महिलाओं के लिए लिखा जाता है।

**48.** किस सिख गुरु ने आदि ग्रंथ संकलित किया है ?

Which Sikh Guru compiled the Adi Granth ?

(A) गुरु अंगद/Guru Angad

(B) गुरु रामदास/Guru Ramdas

(C) गुरु अर्जुन देव/Guru Arjun Dev

(D) गुरु हरराय/Guru Har Rai

**48.** (C) गुरु अर्जुन देव ने 1604 में आदि ग्रन्थ संकलित किया। अमृतसर नगर मे हरमिंदर साहब (स्वर्ण मन्दिर) का निर्माण पूर्ण कराया।

गुरु अंगद–गुरुमुखी लिपि का आविष्कार

गुरु रामदास–अमृतसर की नींव रखी

गुरु हरगोविंद–अकाल तख्त

गुरु तेग बहादुर–खालसा



Teachingninja.in

**49.** तुलुव के राजवंश की स्थापना किसने की ?

Who founded the dynasty of Tuluva ?

(A) नरसा नायक/Narsa Nayaka

(B) कृष्णदेव राय/Krishnadeva Raya

(C) अच्युत राय/Achyuta Raya

(D) वीर नरसिंह/Vir Narsingh

**49.** (D) विजयनगर साम्राज्य पर 1491–1570 तक शासन करने वाले तुलुव वंश के संस्थापक वीर नरसिन्हा राय थे। विजय नगर का वंशक्रम–

| वंश | संस्थापक |
|---|---|
| संगम वंश | – हरिहर 1336–1485 |
| सलुव वंश | – नरसिंह देवराय 1485–1505 |
| तुलुव वंश | – वीर नरसिंह 1505–1570 |
| अरविडु वंश | – तिरुमल |

**50.** पहली बार भारत पर आक्रमण करने वाला मुस्लिम कौन था ?

Who was the first Muslim to invade India ?

(A) फिरदौस शाह/Firdausi Shah

(B) मुहम्मद गौरी/Muhammad Ghori

(C) मोहम्मद बिन कासिम/Mohammad Bin Qasim

(D) महमूद गजनवी/Mahmood Ghaznavi

**50.** (C) भारत में प्रथम मुस्लिम आक्रमणकारी मुहम्मद–बिन–कासिम था। 711 ई. में मुहम्मद– बिन–कासिम के नेतृत्व में सिंध पर अरब आक्रमण हुआ, किन्तु उसका कोई स्थायी परिणाम नहीं हुआ। अरबों ने 712 ई. में दाहिर को परास्त कर सिंध पर विजय पायी।

**51.** निम्न में से कौन–सा उपवेद नहीं है ?

Which of the following is not an Upaveda ?

(A) धनुर्वेद/Dhanurveda

(B) शस्त्रशास्त्र/Shstrashastra

(C) आयुर्वेद/Ayurveda

(D) योगवेद/Yogveda

**51.** (D) योगवेद उपवेद नहीं है। उपवेद उन विधाओं को कहा जाता है जो वेद पर आधारित है। चार वेदों के चार अलग–अलग उपवेद हैं।

| वेद | उपवेद |
|---|---|
| ऋग्वेद | आयुर्वेद |
| यजुर्वेद | धनुर्वेद |
| सामवेद | गन्धर्ववेद |
| अथर्ववेद | शिल्पवेद |

**52.** हाल ही में विश्व का सबसे बड़ा वाई–फाई नेटवर्क कहाँ स्थापित हुआ है ?

Where has world's largest Wi-Fi network been established recently ?

(A) मेघालय/Meghalaya

(B) पटना/Patna

(C) फिलीपीन्स/Philippines

(D) मुम्बई/Mumbai

**52.** (B) पटना–दानापुर के बीच 20 किमी लम्बा वाई–फाई नेटवर्क जोन विश्व का सबसे लम्बा फ्री वाई–फाई जोन है।

**53.** निम्नलिखित देशों में से किस एक के देशों में से भूमध्य रेखा गुजरती है ?

Through which one of the following groups of countries does the equator pass ?

(A) ब्राजील, जाम्बिया और मलेशिया

Brazil, Zambia and Malaysia

(B) कोलम्बिया, केन्या और इंडोनेशिया

Colombia, Kenya and Indonesia

(C) ब्राजील, सूडान और मलेशिया

Brazil, Sudan and Malaysia

(D) बेनेजुएला, इथियोपिया और इंडोनेशिया

Venezuela, Ethiopia and Indonesia

**53.** (B) भूमध्य रेखा कुल 13 देशों से गुजरती है। ये देश हैं–

(1) साओटोम, (2) कांगो गणराज्य,

(3) लोकतान्त्रिक कांगो गणराज्य,

(4) युगाण्डा, (5) केन्या, (6) गैवन,

(7) सोमालिया, (8) मालदीव,

(9) इण्डोनेशिया, (10) किरिवारी,

(11) इक्वेडोर, (12) कोलम्बिया,

(13) ब्राजील।

**54.** एक कूकी–

A Cookie

(A) उपयोगकर्त्ता की वेब गतिविधियों के बारे में सभी जानकारी संगृहीत करता है/Stores information about the user's web activity

(B) उपयोगकर्त्ता द्वारा बनाये गये सॉफ्टवेयर को संगृहीत करता है/Stores software developed by the user

(C) उपयोगकर्त्ता द्वारा पासवर्ड संगृहीत करता है/Stores the password of the user

(D) उपयोगकर्त्ता द्वारा प्रयोग की गई कमाण्ड को संगृहीत करता है/Stores the commands used by the user

**54.** (A) कुकी एक ऐसा सॉफ्टवेयर है जो उपभोगकर्त्ता की प्राथमिकता, पसंद आदि जानकारी सर्वर को उपलब्ध कराता है।

**55.** उत्तर प्रदेश में वैकल्पिक ऊर्जा के विकास के लिये वैकल्पिक ऊर्जा विकास संस्थान की स्थापना कब की गयी ?

When was Alternative Energy Development Institute establish for the development of alternative energy in Uttar Pradesh ?

(A) 1982 (B) 1983

(C) 1986 (D) 1987

**55.** (B) UP में गैर–परम्परागत ऊर्जा विकास ऐजेंसी की स्थापना 1983 में की गई थी। इसे संक्षेप में यूपीनेडा (UPNEDA) कहते हैं।

**56.** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत में कितनी 'स्मार्ट सिटी' घोषित की हैं ?

PM Narendra Modi declared how many smart cities for India ?

(A) 50 (B) 100

(C) 150 (D) 200

**56.** (B) स्मार्ट सिटी कार्यक्रम 2015 में प्रारंभ किया गया था। इसके तहत विभिन्न राज्यों में 100 शहरों को स्मार्ट शहर के रूप में विकसित करने का लक्ष्य रखा गया है।

**57.** भारत में मुद्रा आपूर्ति के मापन के सन्दर्भ में निम्न कथनों पर विचार कीजिए–

Consider the following statement regarding the measures of money supply in India :

1. $M_1$ जनता के पास उपलब्ध मुद्रा + बैंकिंग प्रणाली में माँग जमा + आर. बी. आई. में अन्य जमा को इंगित करता है।

   $M_1$ refers to currency with the public + demand deposits with the banking system + other deposits with the RBI

2. $M_4 = M_3$ + डाकघर की जमा को इंगित करता है।

   $M_4$ refers to $M_3$ + All deposits with post office.

उपरोक्त में से कौन–सा/से कथन सही है/हैं ?

Choose the correct answer from the statements given above

(A) केवल 1/Only 1

(B) केवल 2/Only 2

(C) 1 और 2 दोनों/1 & 2

(D) उपरोक्त में कोई नहीं/None of the above



Teachingninja.in

57. (C) दोनों कथन सत्य हैं।

मुद्रा की आपूर्ति $M_1$ $M_2$ $M_3$ $M_4$ के रूप में नापते हैं।

$M_1$ = नैरोमनी कहा जाता है, इसमें जनता के पास मुद्रा + बैंक में माँग जमायें + RBI के पास अन्य जमायें

$M_2$ = $M_1$ + पोस्ट ऑफिस में बचत जमायें

$M_3$ = $M_1$ + बैंक में सावधि जमा

$M_4$ = $M_3$ + पोस्ट ऑफिस की सभी जमायें

58. निम्नलिखित में से कौन विनिवेश आयोग से सम्बन्धित है ?

Who among the following is related to disinvestment commission ?

(A) जी. वी. रामकृष्णा/G.V. Ramakrishna

(B) टी. एन. मालेगम/T.N. Malegum

(C) राकेश मोहन/Rakesh Mohan

(D) आबिद हुसैन/Abid Hussain

58. (A) जी. वी. रामकृष्णा–विनिवेश आयोग

टी. एन. मालेगाव–खराब लॉन (NPA) से सम्बन्धित

राकेश मोहन–राष्ट्रीय परिवहन नीति

आबिद हुसैन–व्यापार नीति

59. कजाइल कुम रेगिस्तान स्थित है–

Kyzyl Kum desert is situated in :

(A) सऊदी अरब/Saudi Arabia

(B) उत्तरी ईरान/Northern Iran

(C) उज्बेकिस्तान/Uzbekistan

(D) अफगानिस्तान/Afghanistan

59. (C) कजाइल कुम रेगिस्तान– कजाकिस्तान, उज्बेकिस्तान, अफगानिस्तान इन देशों में विस्तारित है।

60. दक्षिण भारत की नदियाँ प्रमुख रूप से निम्न में से कौन–सा अपवाह तंत्र रखती हैं ?

The rivers of South India mainly have which of the following drainage patterns ?

(A) अरीय/Radial

(B) खण्डित/Intermittent

(C) वृक्षनुमा/Dendritic

(D) जालीदार/Trellis

60. (C) दक्षिण भारतीय नदियों का अपवाह तन्त्र मुख्यतः वृक्षनुमा है। वृक्षनुमा अपवाह तन्त्र वृक्ष की शाखाओं के समरूप होता है।

61. वर्ष 2016 में उत्तर प्रदेश प्रवासी दिवस किस दिन मनाया गया ?

In the year 2016, U.P. Pravasi Diwas was celebrated on which day ?

(A) 4 जनवरी/4th January

(B) 9 जनवरी/9th January

(C) 4 फरवरी/4th February

(D) 9 फरवरी/9th February

61. (A) UP प्रवासी भारतीय (NRI) दिवस 4–6 जनवरी 2016 लखनऊ में आयोजित हुआ।

15वाँ प्रवासी भारतीय दिवस 21–23 जनवरी 2019 को वाराणसी में आयोजित किया गया।

62. बेहतर संतुलित विकास के लिए कोष प्रवाह को लक्षित किया जाता है जिससे कुछ राज्यों को 'विशेष श्रेणी वाले राज्य' का दर्जा दिया जाता है। इस श्रेणी के अंतर्गत निम्न में से कौन–कौन से राज्य आते हैं ?

The status of "Special Category States" is given to certain states to target the fund flow for better balanced growth. Which of the following states fall under this category ?

1. राजस्थान/Rajasthan
2. उत्तराखण्ड/Uttarakhand
3. बिहार/Bihar
4. जम्मू और कश्मीर/Jammu & Kashmir
5. हिमाचल प्रदेश/Himachal Pradesh
6. झारखण्ड/Jharkhand

नीचे दिये गये कूटों के आधार पर सही उत्तर चुनें–

Select the correct answer using the codes given below :

(A) 1, 5 और 6/1, 5 and 6

(B) 2, 4 और 5/2, 4 and 5

(C) 3, 5 और 6/3, 5 and 6

(D) 1, 3 और 6/1, 3 and 6

62. (B) विशेष श्रेणी वाले राज्य का दर्जा पूर्वोत्तर भारत के 8 राज्य व हिमालय क्षेत्र के तीन राज्यों को मिला हुआ है।

पूर्वोत्तर राज्य हैं–असम, मेघालय, त्रिपुरा, नागालैण्ड, सिक्किम, मिजोरम, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर

हिमालय क्षेत्रक राज्य–उत्तराखण्ड, हिमाचल प्रदेश, जम्मू–कश्मीर

इन राज्यों को केन्द्र प्रायोजित योजनाओं का 90% अनुदान के रूप में मिलता है।

63. नई प्रस्तावित मूल्य स्थिरीकरण कोष योजना निम्न में से किसके लिये लागू की गई ?

The new proposed price stabilisation fund scheme will be implemented for which of the following items initially ?

1. चाय/Tea　　2. रबड़/Rubber

3. प्याज/Onion　　4. कॉफी/Coffee

5. आलू/Potato

(A) 3 और 5/3 and 5

(B) 1, 2 और 4/1, 2 and 4

(C) 1, 3, 4 और 5/1, 3, 4 and 5

(D) 1, 2, 4 और 5/1, 2, 4 and 5

63. (A) 2014–15 में मूल्य स्थिरीकरण कोष, प्याज, आलू व दालों के मूल्य स्थिरीकरण हेतु स्थापित किया गया।

2003 में चाय, कॉफी, रबड़ हेतु मूल्य स्थिरीकरण कोष बनाया गया था।

64. मिलान करें–

| | I | II |
|---|---|---|
| a. | इंडियन ग्रेन स्टोरेज मैनेजमेंट एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट | 1. इलाहाबाद |
| b. | राष्ट्रीय उद्यमिता एवं लघु व्यवसाय विकास संस्थान | 2. हापुड़ |
| c. | गोविन्द बल्लभ पंत सामाजिक विज्ञान संस्थान | 3. नोएडा |
| d. | हरिश्चन्द्र अनुसंधान संस्थान | 4. इलाहाबाद |

Match the following :

| | I | II |
|---|---|---|
| a. | Indian Grain Storage Institute management and research | 1. Allahabad |
| b. | National Institute for Entrepreneurship and Small Business Development | 2. Hapudh |
| c. | Govind Ballabh Pant Social Science Institute | 3. Noida |
| d. | Harish Chandra Research Institute | 4. Allahabad |

| | a | b | c | d | | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (A) | 2 | 3 | 1 | 4 | (B) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (C) | 4 | 1 | 2 | 3 | (D) | 1 | 2 | 3 | 4 |



Teachingninja.in

**64.** (A) संस्थान — स्थान

1. भारतीय अनाज भंडार प्रबंधन एवं अनुसंधान संस्थान —हापुड़
2. राष्ट्रीय उद्यमिता एवं लघु व्यवसाय विकास संस्थान —नोएडा
3. गोविंद बल्लभ पंत सामाजिक विज्ञान संस्थान —इलाहाबाद
4. हरिश्चन्द्र अनुसंधान संस्थान —इलाहाबाद

**65.** निम्न में से किस मंत्रालय में हाल ही में 'इपेस' और 'इन्फ्राकॉन' सुविधा की शुरुआत की है ?

Which of the following ministry has recently started 'epace' and 'infracon' facilities ?

(A) सड़क परिवहन मंत्रालय/Ministry of Road Transport

(B) रेल मंत्रालय/Ministry of Railways

(C) नागरिक उड्डयन मंत्रालय/Ministry of Civil Aviation

(D) शहरी विकास मंत्रालय/Ministry of Urban Development

**65.** (A) सड़क परिवहन मन्त्रालय द्वारा सड़क निर्माण के क्षेत्र में अन्तर्राष्ट्रीय वेस्ट प्रेक्टिस अपनाने हेतु तीन सुविधाएँ शुरू कीं।

**ई पेस**–प्रोजेक्ट कार्यान्वियन की निगरानी हेतु

**इन्फ्राकॉन**–इन्फ्रा–कन्सल्टेंसी फर्म हेतु

**इनाम प्रो**–इन्फ्रास्ट्रक्चर व साज–समान आपूर्ति करने हेतु

**66.** निम्न में से कौन भारत में थोक मूल्य सूचकांक के मुख्य घटक हैं ?

Which of the following form the major components of the Wholesale Price Index in India ?

1. प्राथमिक वस्तुएँ/Primary Articles
2. ईंधन और बिजली/Fuel & Power
3. सेवायें/Services
4. विनिर्मित उत्पाद/Manufactured Products

नीचे दिये गये कूटों के आधार पर सही उत्तर चुनें–

Select the answer using the codes given below :

(A) 1, 2 और 4/1, 2 and 4

(B) 2, 3 और 4/2, 3 and 4

(C) 1, 3 और 4/1, 3 and 4

(D) 1, 2 और 3/1, 2 and 3

**66.** (A) थोक मूल्य सूचकांक (आधार वर्ष 2011–12) तीन श्रेणियों में कुल 697 वस्तुओं के मूल्य के आधार पर बनाया जाता है। इसमें प्राथमिक वस्तुएँ, विनिर्मित वस्तुएँ तथा ईंधन को मिलाकर कुल 697 वस्तुएँ शामिल की गई हैं।

**67.** निम्न कथनों पर विचार कीजिए–

Consider the following statements :

1. हाल ही में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दक्षिणी जोनल परिषद् 'एस. जेड. सी.' के 26वें सम्मेलन की अध्यक्षता की।

   Recently the Prime Minister Narendra Modi chaired the 26th conference of the Southern Zonal Council (SCZ)

2. तेलंगाना और पुदुचेरी भी दक्षिणी जोनल परिषद् के भाग हैं।

   Telangana and Puducherry are also the part of Southern Zonal Council.

उपरोक्त में से कौन–सा/से कथन सही हैं ?

Which of the statements given above is/are correct ?

(A) केवल 1/Only 1

(B) केवल 2/Only 2

(C) 1 और 2 दोनों/1 & 2 Both

(D) उपरोक्त में कोई नहीं/None of the above

**67.** (B) केवल कथन 2 सत्य है।

क्षेत्रीय परिषद की अध्यक्षता गृहमन्त्री द्वारा की जाती है न कि प्रधानमन्त्री द्वारा।

भारत में 6 जोनल परिषद् हैं–(1) पूर्व, (2) पश्चिम, (3) उत्तर, (4) दक्षिण, (5) केन्द्रीय व (6) पूर्वोत्तर जोनल काउंसिल

**68.** उत्तर प्रदेश में शस्य–जलवायु क्षेत्रों की संख्या है–

The number of agro-climatic zones in Uttar Pradesh is :

(A) 5 (B) 7

(C) 9 (D) 11

**68.** (C) उत्तर प्रदेश में कुल 9 शस्य–जलवायु प्रदेश है, जबकि सम्पूर्ण भारत में शस्य (कृषि) जलवायु क्षेत्र की संख्या 15 है।

**69.** निम्न कथनों पर विचार करें–

Consider the following statements :

1. राष्ट्रपति/President
2. उपराष्ट्रपति/Vice-President
3. राज्य सभा के सभी सदस्य/All members of Rajya Sabha

उपर्युक्त में से कौन आनुपातिक प्रतिनिधित्व प्रणाली के नियमानुसार एकल संक्रमणीय मत के माध्यम से गुप्त मत द्वारा किये गये मतदान से चुना जाता है ?

Who among the above are elected in accordance with the system of proportional representation by means of the single transferable vote and voting is by secret ballot ?

(A) केवल 1 और 2/Only 1 and 2

(B) केवल 1 और 3/Only 1 and 3

(C) केवल 2 और 3/Only 2 and 3

(D) उपर्युक्त सभी/All of the above

**69.** (A) राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति का चुनाव आनुपातिक प्रतिनिधित्व प्रणाली के नियमानुसार एकल संक्रमणीय मत के माध्यम से गुप्त मतदान किया जाता है। राज्य सभा के सदस्यों के चुनाव में आनुपातिक प्रणाली अपनाई जाती है, परन्तु एकल संक्रमणीय मत का प्रयोग नही होता है।

**आनुपातिक प्रतिनिधित्व प्रणाली**–विभिन्न राज्यों की जनसंख्या के अनुपात में मताधिकार।

**एकल संक्रमणीय मत**–मताधिकार जिसमें सभी उम्मीदवारों को वरीयता में मत दिया जाता है।

**70.** निम्न पर विचार कीजिए–

Consider the following :

1. मौलिक अधिकार/Fundamental Rights
2. मौलिक कर्त्तव्य/Fundamental Duties
3. राज्य के नीति निदेशक तत्व/Directive principles of State Policy

उपर्युक्त में से भारत के संविधान का कौन–सा भाग 0 से 6 वर्ष के बच्चों की शिक्षा के प्रावधान की प्रतिस्थापना करता है ?

Which among the above parts of the constitution enshrine provisions for the education of children from 0 to 6 years ?

(A) केवल 1 और 2/Only 1 and 2

(B) केवल 3/Only 3

(C) केवल 2 और 3/Only 2 and 3

(D) उपरोक्त सभी/All of the above



Teachingninja.in

**70.** (B) 2002 से पूर्व राज्य के नीति निदेशक तत्व के तहत अनुच्छेद 45 में 6 वर्ष तक के बच्चों के लिए निःशुल्क शिक्षा का प्रावधान था।

**71.** केन्द्रीय सतर्कता आयुक्त अपने पद पर बना रह सकता है–

Central Vigilance Commissioner holds the office for :

(A) 5 वर्ष या 62 वर्ष की आयु/5 years or 62 years of age

(B) 5 वर्ष या 65 वर्ष की आयु/5 years or 65 years of age

(C) 4 वर्ष या 62 वर्ष की आयु/4 years or 62 years of age

(D) 4 वर्ष या 65 वर्ष की आयु/4 years or 65 years of age

**71.** (D) केन्द्रीय सतर्कता आयुक्त अधिनियम के अनुसार उसका कार्यकाल 4 वर्ष या 65 वर्ष की आयु तक जो भी पहले पूरा हो होता है।

**72.** थट्टेकड़ पक्षी अभयारण्य कहाँ स्थित है ?

Where is Thattekad Bird Sanctuary located ?

(A) केरल/Kerala

(B) अरुणाचल प्रदेश/Arunachal Pradesh

(C) पंजाब/Punjab

(D) गुजरात/Gujarat

**72.** (A) केरल में थट्टेकड़ पक्षी अभयारण्य स्थित है। इसके अतिरिक्त कुमार कोम, मुण्डेरी, मंगलावनम आदि पक्षी अभयारण्य भी केरल में हैं।

**73.** निम्नलिखित में से कौन–सा देश कुल क्षेत्रफल की दृष्टि से विश्व में पाँचवें स्थान पर है ?

Which one of the following countries stands fifth in terms of total area in the world ?

(A) ब्राजील/Brazil

(B) अर्जेन्टिना/Agrentina

(C) भारत/India

(D) ऑस्ट्रेलिया/Australia

**73.** (A) ब्राजील–क्षेत्रफल के आधार पर विभिन्न देश (घटते क्रम में)–

(1) रूस, (2) कनाडा, (3) चीन, (4) यू.एस.ए., (5) ब्राजील।

**74.** राज्यपाल के सन्दर्भ में कौन–सा/से कथन सही है/हैं ?

Which of the following is/are correct about the governor ?

1. वह राज्य विधान परिषद् के 1/4 सदस्यों को मनोनीत करता है।

He nominates $1/4^{th}$ of the members of the state legislature council.

2. वह एंग्लो–इंडियन समुदाय के राज्य विधानसभा के लिए 2 सदस्यों को मनोनीत कर सकता है।

He can nominate 2 members to the state legislative assembly from Anglo-Indian community

(A) केवल 1/Only 1

(B) केवल 2/Only 2

(C) 1 तथा 2 दोनों/Both 1 & 2

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं/None of the above

**74.** (D) कोई भी कथन सत्य नहीं है।

–राज्यपाल विधान परिषद् के 1/6 सदस्यों को मनोनीत करता है।

–विधान सभा में राज्यपाल एंग्लो इण्डियन समुदाय के एक सदस्य को मनोनीत करता है।

**75.** वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 के अनुसार निम्नलिखित में से किस अनुसूची में निरपेक्ष पूर्ण संरक्षण और अपराध के लिए प्रावधान है ?

As per Wildlife Protection Act, 1972; there is provision for absolute protection and offence in which of the following schedule ?

1. अनुसूची–1/Schedule-1

2. अनुसूची–2/Schedule-2

3. अनुसूची–3/Schedule-3

4. अनुसूची–4/Schedule-4

(A) केवल 1 और 3/1 and 3

(B) केवल 2 और 4/2 and 4

(C) केवल 1, 2 और 4/1, 2 and 4

(D) केवल 1 और 2/1 and 2

**75.** (D) वन्य जीव संरक्षण अधिनियम, 1972 में 6 अनुसूची है। इनमें अनुसूची 1 व 2 अनुसूची में शामिल प्रजातियों को पूर्ण संरक्षण प्राप्त है।

**76.** यदि समीकरण $kx^2 + 2x + 3k = 0$ के मूलों का योग उनके गुणनफल के बराबर है, तो k का मान ज्ञात करो–

If the sum of the roots of the equation $kx^2 + 2x + 3k = 0$ is equal to their product, then the value of k is :

(A) 1/3 (B) –1/3

(C) 2/3 (D) –2/3

**76.** (D) $kx^2 + 2x + 3k = 0$ की तुलना $ax^2 + bx + c = 0$ से करने पर

$a = k$

$b = 2$

$c = 3k$

$\because$ मूलों का योगफल $= -\frac{b}{a}$

मूलों का गुणनफल $= \frac{c}{a}$

प्रश्न से, $-\frac{b}{a} = \frac{c}{a}$

$-\frac{2}{k} = \frac{3k}{k} \Rightarrow k = -\frac{2}{3}$

**77.** दो संख्याओं का योगफल 14 है और उनका अंतर 10 है। इन दोनों संख्याओं का गुणनफल निकालें।

If the sum of two numbers is 14 and their difference is 10. Find the product of these two numbers.

(A) 18 (B) 20

(C) 24 (D) 22

**77.** (C) माना संख्याएँ $a$ तथा $b$ हैं।

प्रश्नानुसार,

$a + b = 14$ ...(1)

$a - b = 10$ ...(2)

समीकरण (2) को समीकरण (1) से घटाने पर तथा जोड़ने पर

$a = 12$

$b = 2$

गुणनफल $a \times b = 2 \times 12 = 24$

**78.** $2x^2 + 3x - 5$ में क्या जोड़ कि $x^2 - x + 1$ प्राप्त हो ?

What should be added to $2x^2 + 3x - 5$ to get $x^2 - x + 1$ ?

(A) $-x^2 - 4x + 6$ (B) $x^2 - 4x + 6$

(C) $x^2 + 4x - 6$ (D) $x^2 - 4x - 6$

**78.** (A) माना $p$ जोड़ने पर $x^2 - x + 1$ प्राप्त होगा–

$2x^2 + 3x - 5 + p = x^2 - x + 1$

$p = x^2 - x + 1 - 2x^2 - 3x + 5$

$p = -x^2 - 4x + 6$

**79.** निम्न में से कौन–सी बकरी की नस्ल नहीं है ?

Which of the following is not a breed of Goat ?

(A) मताऊ/Matau (B) बीटल/Beetal

(C) बलूची/Baluchi (D) गोरी/Ghori



Teachingninja.in

**79.** (D) मताऊ, बीटल, बलूची बकरी की नस्लें हैं, जबकि गोरी नाम से बकरी की कोई नस्ल नहीं है।

**80.** रासायनिक ऊर्जा को विद्युत ऊर्जा में रूपान्तरण किसके द्वारा किया जाता है ?

Which of the following is used to transform chemical energy into electrical energy ?

(A) विद्युत चुम्बक/Electromagnet

(B) फोटो सेल/Photo cell

(C) विद्युत अपघट्य/Electrolyte

(D) संचायक सेल/Secondary cell

**80.** (D) रासायनिक ऊर्जा को विद्युत ऊर्जा में स्थानान्तरित करने के लिए संचायक सेल (secondary cell) का प्रयोग किया जाता है। बैटरियाँ (सेल) मुख्यत: दो प्रकार के होते हैं–(1) लेड अम्ल संचायक सेल; (2) क्षारीय संचायक सेल।

**81.** सागर की गहराई को मापने के लिए कौन– सा उपकरण इस्तेमाल किया जाता है ?

Which instrument is used to measure the depth of the ocean ?

(A) फैदोमीटर/Fathometer

(B) यूडियोमीटर/Eudiometer

(C) बैरोमीटर/Barometer

(D) पेरिस्कोप/Periscope

**81.** (A)

| उपकरण | प्रयोग |
|---|---|
| फैदोमीटर (Fathometer) | सागर की गहराई |
| यूडियोमीटर (Eudiometer) | गैस की मात्रा |
| बैरोमीटर (Barometer) | वायुमण्डलीय दाब |
| पेरिस्कोप (Periscope) | वीडियो स्ट्रीमिंग |

**82.** किस प्रतिवर्ष वार्षिक साधारण ब्याज की दर से कोई धन 8 वर्ष में दुगुना हो जाएगा ?

At what rate of simple interest certain amount will double itself in 8 years ?

(A) 12%　　(B) $12\frac{1}{2}\%$

(C) 13%　　(D) 15%

**82.** (B) माना मूलधन = ₹ 100

मिश्रधन = ₹ 200 (प्रश्न से),

अत: ब्याज = 200 – 100

= ₹ 100

समय = 8 वर्ष

सूत्र से, $\text{ब्याज} = \frac{\text{मूलधन} \times \text{समय} \times \text{दर}}{100}$

$$100 = \frac{100 \times 8 \times \text{दर}}{100}$$

$$\text{दर} = \frac{100}{8} = 12\frac{1}{2}\%$$

**83.** सरल कीजिए : $\left[\frac{x^b}{x^c}\right]^a \times \left[\frac{x^c}{x^a}\right]^b \times \left[\frac{x^a}{x^b}\right]^c$

Simplify : $\left[\frac{x^b}{x^c}\right]^a \times \left[\frac{x^c}{x^a}\right]^b \times \left[\frac{x^a}{x^b}\right]^c$

(A) 1

(B) 0

(C) $x^{a+b+c}$

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं/None of the above

**83.** (A) $\left[\frac{x^b}{x^c}\right]^a \times \left[\frac{x^c}{x^a}\right]^b \times \left[\frac{x^a}{x^b}\right]^c$

$$= \frac{x^{ba}}{x^{ca}} \times \frac{x^{cb}}{x^{ab}} \times \frac{x^{ac}}{x^{bc}} = 1$$

**84.** हल कीजिए :

$$7\frac{1}{2} - \left[2\frac{1}{4} \div \left\{1\frac{1}{4} - \frac{1}{2}\left(1\frac{1}{2} - \frac{1}{3} - \frac{1}{6}\right)\right\}\right] = ?$$

Solved :

$$7\frac{1}{2} - \left[2\frac{1}{4} \div \left\{1\frac{1}{4} - \frac{1}{2}\left(1\frac{1}{2} - \frac{1}{3} - \frac{1}{6}\right)\right\}\right] = ?$$

(A) $\frac{2}{9}$　　(B) $4\frac{1}{2}$

(C) $9\frac{1}{2}$　　(D) $1\frac{77}{228}$

**84.** (B) $7\frac{1}{2} - \left[2\frac{1}{4} \div \left\{1\frac{1}{4} - \frac{1}{2}\left(1\frac{1}{2} - \frac{1}{3} - \frac{1}{6}\right)\right\}\right] = ?$

$$? = \frac{15}{2} - \left[\frac{9}{4} \div \left\{\frac{5}{4} - \frac{1}{2}\left(\frac{3}{2} - \frac{1}{3} - \frac{1}{6}\right)\right\}\right]$$

$$= \frac{15}{2} - \left[\frac{9}{4} \div \left\{\frac{5}{4} - \frac{1}{2}\left(\frac{9-2-1}{6}\right)\right\}\right]$$

$$= \frac{15}{2} - \left[\frac{9}{4} \div \left\{\frac{5}{4} - \frac{1}{2}(1)\right\}\right]$$

$$= \frac{15}{2} - \left[\frac{9}{4} \div \left\{\frac{5}{4} - \frac{1}{2}\right\}\right]$$

$$= \frac{15}{2} - \left[\frac{9}{4} \div \left\{\frac{5}{4} - \frac{2}{4}\right\}\right]$$

$$= \frac{15}{2} - \left[\frac{9}{4} \times \frac{4}{3}\right]$$

$$= \frac{15}{2} - 3 = \frac{15-6}{2} \Rightarrow 4\frac{1}{2}$$

**85.** तीन अंकों की कितनी संख्याएँ हैं, जो 17 से विभाज्य हैं ?

How many three digit number are their which are divisible by 17 ?

(A) 51　　(B) 52

(C) 53　　(D) 54

**85.** (C) $\frac{999}{17} - \frac{99}{17}$

$58 - 5 = 53$

**निर्देश (प्रश्न संख्या 86 एवं 87 के लिए)**

निम्नलिखित प्रश्नों में प्रश्न चिह्न (?) की जगह पर कौन–सी अनुमानित संख्या होगी ?

What is the approximate value that will come in place of question mark (?) in the following question ?

**86.** 26.003 × 37.998 – 309.010 = ?

(A) 685　　(B) 695

(C) 680　　(D) 670

**86.** (C) 26.003 × 37.998 – 309.010 = ?

लगभग मान लेकर हल करने पर,

$= 26 \times 38 - 309 = 679 \approx 680$

**87.** 7885.009 – 519.999 – 94.989 = ?

(A) 7270　　(B) 7300

(C) 7500　　(D) 7220

**87.** (A) 7885.009 – 519.999 – 94.989 = ?

लगभग मान लेकर हल करने पर,

7885 – 520 – 95

= 7885 – 615 = 7270

**88.** वह तापमान जिस पर सेन्टीग्रेड एवं फारेनहाइट पैमाना समान होता है।

The temperature at which centigrade and Fahrenheit scale is same :

(A) 100° C　　(B) 40° C

(C) – 40° C　　(D) 0° C

**88.** (C) – 40°C एक ऐसा तापमान है जो डिग्री सेण्टीग्रेड तथा डिग्री फारेनहाइट में समान रहता है।



Teachingninja.in

सम्बन्ध,

$$\frac{C}{100} = \frac{F-32}{180} = \frac{R}{80} = \frac{K-273}{100}$$

F = – 40 रखने पर,

$$\frac{C}{100} = \frac{F-32}{180}$$

$$= \frac{(-40-32)}{180} \times 100 \Rightarrow -40$$

89. विटामिन 'E' से संबंधित कौन–सा रासायनिक पदार्थ है ?

Which chemical compound is related to vitamin 'E' ?

(A) टोकोफेरॉल/Tocopherol

(B) बायोटिन/Biotin

(C) कैल्सिफेरॉल/Calcipherol

(D) नेफ्थाक्वीनोन/Naphthoquinone

89. (A)

| रासायनिक नाम | विटामिन |
|---|---|
| (A) टोकोफेरॉल बंध्यता (Neutrality) का सम्बन्ध विटामिन E की कमी से है तथा इससे जनन क्षमता में भी कमी आती है। | विटामिन E |
| (B) बायोटिन | $B_7$(विटामिन) |
| (C) कैल्सिफेरॉल | विटामिन D |
| (C) नेफ्थाक्वीनॉन | विटामिन K |

90. कारनालाइट किस धातु का अयस्क है ?

Carnallite is an ore of which metal ?

(A) पोटैशियम/Potassium

(B) एल्युमिनियम/Aluminium

(C) मर्करी/Mercury

(D) यूरेनियम/Uranium

90. (A)

| धातु | अयस्क |
|---|---|
| (A) पोटैशियम | कारनालाइट $KMgCl_3.6(H_2O)$ |
| (B) एल्युमिनियम | बॉक्साइट $H_2O_3.2H_2O$ |
| (C) मर्करी | कार्नेलाइट, मैग्नेसाइट, डोलेमाइट |
| (D) यूरेनियम | यूरेनाइट |

91. निम्न में से प्लेग के उपचार में किस दवाई का उपयोग होता है ?

Which of the following medicines is used for the treatment of plague ?

(A) क्लोरोमाइसिटीन/Chloromycetin

(B) आइसोनियाजाइड/Isoniazid

(C) स्ट्रेप्टोमाइसीन/Streptomycin

(D) एड्रेनलिन/Adrenaline

91. (C) प्लेग एक घातक संक्रामक रोग (infectious disease) है, जो कि विशेष जीवाणु पास्ट्यूरेला पेस्टिस (Pasteurella Pestis) द्वारा होता है। इसमें मच्छर का कोई योगदान नहीं है। यह रोग सर्वप्रथम चूहे में होता है। चूहे के शरीर पर पिस्सू रहते हैं, जो इनका संदूषित रक्त चूसते हैं, जिससे रोग के जीवाणु पिस्सुओं में पहुँच जाते हैं और पिस्सुओं के काटने से रोग के जीवाणु शरीर में पहुँचकर प्लेग रोग उत्पन्न करते हैं। इसके उपचार के लिए स्ट्रेप्टोमाइसीन (Streptomycin) नामक दवा का उपयोग होता है।

92. एक आदमी अपनी यात्रा का 2/15 भाग रेल द्वारा, तथा 9/20 भाग बस द्वारा एवं बाकी का 10 किमी साइकिल द्वारा तय करता है, तो उसके द्वारा चली गयी दूरी बताएँ।

A man performs 2/15 of the total journey by rail, 9/20 by bus and the remaining 10 km, on the cycle. His total journey is :

(A) 31·2 किमी/31.2 km

(B) 38·4 किमी/38.4 km

(C) 32·8 किमी/32.8 km

(D) 24 किमी/24 km

92. (D) माना दूरी = d किमी

$$\text{रेल द्वारा चली दूरी} = d \times \frac{2}{15} = \frac{2d}{15}$$

$$\text{बस द्वारा चली दूरी} = d \times \frac{9}{20} = \frac{9d}{20}$$

$$\text{बची दूरी} = d - \left(\frac{2d}{15} + \frac{9d}{20}\right) = \frac{60d - 8d - 27d}{60} = \frac{25d}{60}$$

अब प्रश्न से,

$$\frac{25d}{60} = 10$$

$$d = \frac{10 \times 60}{25} = 24 \text{ किमी}$$

93. यदि दो पाइप A और B किसी टैंक को क्रमशः 24 घण्टे और 30 घण्टे में भरते हैं। यदि दोनों पाइप को एक साथ खोल दिया जाए, तो वे खाली टैंक को कितने समय में भर देंगे ?

Two pipes A and B can fill a tank in 24 hours and 30 hours respectively. If both the pipes are opened simultaneously in the empty tank, how much time will be taken by them to fill it ?

(A) 13 घण्टे 20 मिनट/13 hour 20 min

(B) 12 घण्टे 10 मिनट/12 hour 10 min

(C) 14 घण्टे/14 hour

(D) 10 घण्टे 5 मिनट/10 hour 5 min

93. (A) नल A द्वारा 1 घण्टे में भरा पानी

$$= \frac{1}{24} \text{ भाग}$$

नल B द्वारा 1 घण्टे में भरा पानी

$$= \frac{1}{30} \text{ भाग}$$

नल A + B द्वारा 1 घण्टे में भरा पानी

$$= \frac{1}{24} + \frac{1}{30} = \frac{24+30}{24 \times 30} \text{ भाग} = \frac{54}{720} \text{ भाग}$$

पूरी टंकी भरने में लगा समय

$$= \frac{720}{54} = 13\frac{1}{3} \text{ घण्टा}$$

= 13 घण्टे 20 मिनट

94. दो संख्याओं का गुणनफल 1600 है और उनका महत्तम समापवर्तक 5 है, तो उनके लघुत्तम समापवर्त्य ज्ञात करो–

The product of two numbers is 1600 and their HCF is 5. The LCM of the numbers is :

(A) 8000 (B) 1600

(C) 320 (D) 1605

94. (C) माना दोनों संख्याएँ क्रमशः $x$ तथा $y$ हैं

∵ पहली संख्या × दूसरी संख्या

= म.स.प. × ल.स.प.

प्रश्नानुसार,

1600 = 5 × ल.स.प.

⇒ ल.स.प. = 320



Teachingninja.in

**95.** 60 लीटर मिश्रण में, दूध और पानी का अनुपात 3 : 7 है। 2 : 5 का अनुपात बनाने के लिए कितना पानी मिश्रण में मिलाना पड़ेगा ?

In a 60 lit mixture, the ratio of milk and water is 3 : 7. How much water must be added to the mixture in order to make the ratio 2 : 5 ?

(A) 2 लीटर/2 lit (B) 3 लीटर/3 lit

(C) 5 लीटर/5 lit (D) 2.5 लीटर/2.5 lit

**95.** (B) दूध व पानी का अनुपात

$= 3 : 7$

दूध $= 3x$

पानी $= 7x$

$3x + 7x = 60$

$x = 6$ ली.

अतः प्रारम्भिक अवस्था में दूध

$= 3 \times x = 3 \times 6 = 18$ ली.

पानी $= 7x = 7 \times 6 = 42$ ली.

माना a लीटर पानी मिलाने से अनुपात 2 : 5 हो जायेगा।

$$\frac{18}{42 + a} = \frac{2}{5} \Rightarrow 90 = 84 + 2a$$

$2a = 6$

$a = 3$ ली.

**96.** निम्न में से कौन–सी अदिश राशि है ?

Which of the following is scalar quantity ?

(A) कार्य/Work

(B) वेग/Velocity

(C) बल/Force

(D) त्वरण/Acceleration

**96.** (A) वे राशियाँ जिनका केवल परिमाण (magnitude) होता है, अदिश राशि कहलाती है। जैसे–कार्य, द्रव्यमान, दूरी, समय, चाल, दाब, शक्ति आदि।

सदिश राशियाँ वे राशियाँ होती हैं, जिनमें परिमाण के साथ दिशा भी होती है। जैसे–वेग, बल, त्वरण आदि।

**97.** किस रंग के प्रकाश की तरंगदैर्ध्य सबसे कम होती है ?

Which colour has the shortest wavelength ?

(A) पीला/Yellow (B) बैंगनी/Violet

(C) हरा/Green (D) लाल/Red

**97.** (B) बैंगनी रंग की तरंगदैर्ध्य सबसे कम होती है जिसका मान $4 \times 10^{-5}$ सेमी. होता है। लाल रंग की तरंगदैर्ध्य सबसे अधिक होती है, जिसका मान $7.5 \times 10^{-5}$ होता है।

**98.** दो संख्याओं का लघुत्तम समापवर्त्य 1920 तथा महत्तम समापवर्तक 16 है। यदि इनमें से एक संख्या 128 हो, तो दूसरी संख्या क्या होगी ?

The LCM and HCF of two numbers are 1920 and 16 respectively. If one of the number is 128. Then what will be the other number ?

(A) 360 (B) 240

(C) 120 (D) 480

**98.** (B) पहली संख्या × दूसरी संख्या

= म.स.प. × ल.स.प.

$\therefore 128 \times$ दूसरी संख्या $= 16 \times 1920$

$$\Rightarrow \text{दूसरी संख्या} = \frac{1920 \times 16}{128} = 240$$

**99.** निम्न में से कौन–सा बैक्टीरिया जनित रोग नहीं है ?

Which of the following is not a bacterial disease ?

(A) आंत्र ज्वर/Typhoid

(B) प्लेग/Plague

(C) डिप्थेरिया/Diphtheria

(D) दमा/Asthma

**99.** (D)

| रोग | बैक्टीरिया |
|---|---|
| आंत्र ज्वर (Typhoid) | स्लमोनेला टाइफी |
| प्लेग (Plague) | पास्त्यूरेला पेस्टिस |
| डिप्थेरिया (Diphtheria) | कोरोनी बैक्टीरियम डिप्थरी |

लेकिन, दमा (Asthma) एक संक्रामक रोग है, जिसमें मनुष्य के फेफड़ों में एस्पर्जिलस फ्यूमिगेट्स नामक बीजाणु (spore) पहुँचकर वहाँ जाल बना लेते हैं, जिससे फेफड़ों की नलियों में सिकुड़न आ जाती है और साँस लेने में परेशानी होती है।

**100.** हाइड्रोजन बम का आविष्कार किसने किया है ?

Who invented Hydrogen Bomb ?

(A) लुइस प्रिंस/Louis Prince

(B) निकोला टेस्ला/Nikola Tesla


(C) माइकल फैराडे/Michael Faraday

(D) एडवर्ड टेलर/Edward Teller

**100.** (D) एडवर्ड टेलर ने हाइड्रोजन बम का आविष्कार किया था। हाइड्रोजन बम नाभिकीय संलयन सिद्धान्त पर आधारित है। यह अत्यन्त उच्च ताप पर क्रिया करता है। अणु बम का आविष्कार ऑटो हॉन ने किया था।

**101.** एक समकोण त्रिभुज ABC जिसमें कोण $A = 90°$ यदि $AD \perp BC$, तो इनमें से सही कथन ज्ञात कीजिए–

In a right angled triangle ABC, in which $\angle A = 90°$. If $AD \perp BC$ then the correct statement is :



(A) $AD^2 = BD \times DC$


(B) $AB^2 = BD \times AD$

(C) $AB^2 = BC \times DC$

(D) $AB^2 = BC \times BD$

**101.** (A) प्रमेयानुसार, किसी समकोण त्रिभुज में, समकोण से कर्ण पर डाले गए लम्ब की लम्बाई का वर्ग, उसके द्वारा कर्ण पर बनाए गये अन्तःखण्ड के गुणनफल के बराबर होता है।

$AD^2 = BD \times DC$



**102.** सरल कीजिए : $6^{1/2} . 6^{1/4} . 6^{1/8} ...... \infty = ?$

Simplify : $6^{1/2} . 6^{1/4} . 6^{1/8} ...... \infty = ?$

(A) 6 (B) ∞

(C) 216 (D) 36

**102.** (A) माना $x = 6^{1/2}.6^{1/4}.6^{1/8} ...... \infty$ ...(1)

दोनों तरफ का वर्ग करने पर–

$$x^2 = (6^{\frac{1}{2}}.6^{\frac{1}{4}}.6^{\frac{1}{8}}....\infty)^2$$

$$x^2 = 6^1.6^{\frac{1}{2}}.6^{\frac{1}{4}}.....\infty$$

$$x^2 = 6^{1+\frac{1}{2}+\frac{1}{4}.....\infty}$$

$$x^2 = 6^{\left(\frac{1}{1-\frac{1}{2}}\right)}$$

$\because 1 + \frac{1}{2} + \frac{1}{4} .....\infty$, गुणोत्तर श्रेणी में है

∴ गुणोत्तर श्रेणी के अनन्त पदों

का योग = $\frac{a}{1-r}$

$x^2 = 6^2$

जहाँ $r = \frac{T_2 \text{ (दूसरा पद)}}{T_1 \text{ (पहला पद)}}$

$x = 6$

**103.** $1-\frac{1}{3}+\frac{1}{3^2}-\frac{1}{3^3}+....\infty = ?$ का योग होगा–

Find the sum of .....

$1-\frac{1}{3}+\frac{1}{3^2}-\frac{1}{3^3}+....\infty = ?$

(A) 1/2 (B) 1/6

(C) 3/4 (D) 4/9

**103.** (C) $\because 1-\frac{1}{3}+\frac{1}{3^2}-\frac{1}{3^3}+....\infty$

$r = \frac{\text{दूसरा पद}}{\text{पहला पद}} = \frac{-\frac{1}{3}}{1} = \frac{-1}{3}$

$\frac{\text{तीसरा पद}}{\text{दूसरा पद}} = \frac{\frac{1}{3^2}}{-\frac{1}{3}} = -\frac{1}{3}$

अतः यह एक गुणोत्तर श्रेणी है।

गुणोत्तर श्रेणी के अनन्त पदों का योग

$= \frac{a}{1-r}$

$= \frac{1}{1-\left(-\frac{1}{3}\right)}$

$= \frac{3}{4}$

**104.** वयस्क बिल्ली के कुल कितने दाँत होते हैं ?

Total number of teeth present in an adult cat :

(A) 32 (B) 28

(C) 30 (D) 16

**104.** (C) वयस्क बिल्ली के 30 दाँत होते हैं।

**105.** किस वैज्ञानिक ने इलेक्ट्रोलिसिस के नियम दिये हैं ?

Which scientist has given laws of Electrolysis ?

(A) केल्विन/Kelvin

(B) डाल्टन/Dalton

(C) आर्किमिडीज/Archimedes

(D) एम. फैराडे/M. Faraday

**105.** (D) इलेक्ट्रोलिसिस का नियम एम. फैराडे ने दिया था। इसका उपयोग औद्योगिक रूप में बहुत–सी धातुओं और अधातुओं के प्रोडक्शन में किया जाता है।

**106.** कौन–सी धातु ताप की अच्छा सुचालक है, परन्तु बिजली की बुरी ?

Which metal is good conductor of heat but bad conductor of electricity ?

(A) स्वर्ण/Gold (B) अभ्रक/Mica

(C) ताँबा/Copper (D) चाँदी/Silver

**106.** (B) अभ्रक धातु ताप की अच्छी सुचालक है, परन्तु बिजली का बुरी सुचालक है। ऊष्मा तथा बिजली के सुचालक–स्वर्ण, चाँदी, ताँबा, एल्युमिनियम।

**107.** बर्तन बनाने के लिए कौन–सी निम्नलिखित मिश्रधातु का इस्तेमाल नहीं करा जाता है ?

Which of the following alloy if not used in making utensils ?

(A) पीतल/Brass

(B) सोदर (सोल्डर)/Solder

(C) ड्यूरेलुमिन/Duralumin

(D) जर्मन सिल्वर/German Silver

**107.** (B) सोल्डर (Solder) का प्रयोग जोड़ो में टाँका लगाने के लिए होता है, जबकि पीतल (Cu + Zn), ड्यूरेलुमिन, जर्मन सिल्वर का प्रयोग बर्तन बनाने में होता है।

**108.** निम्न में से कौन–सा अग्र मस्तिष्क का हिस्सा नहीं है ?

Which of the following is not a part of forebrain ?

(A) मेड्यूला/Medulla

(B) सेरीब्रम/Cerebrum

(C) थैलामस/Thalamus

(D) हाइपोथैलामस/Hypothalamus

**108.** (A) मेड्यूला अधिवृक्क ग्रंथि (Adrenal Gland) का भाग है, मस्तिष्क का नहीं, जबकि सेरीब्रम, हाइपोथैलामस, थैलामस तीनों मस्तिष्क के भाग हैं।

**109.** भारतीय दलहन अनुसंधान संस्थान अवस्थित है–

Indian Institute of Pulse Research is situated in :

(A) भोपाल में/Bhopal

(B) पटना में/Patna

(C) कानपुर में/Kanpur

(D) हैदराबाद में/Hyderabad

**109.** (C) भारतीय दलहन अनुसंधान संस्थान कानपुर, उत्तर प्रदेश में स्थित है। इसकी स्थापना वर्ष 1983 में की गई थी।


**110.** त्रिभुज ABC में यदि $\angle A = 55°$, तो B और C पर बने बाहरी कोणों का योग बताइये।

In $\Delta ABC$, if $\angle A = 55°$ then find out the sum of external angles formed on B and C.

(A) 208° (B) 225°

(C) 232° (D) 235°

**110.** (D)




प्रमेयानुसार, किसी त्रिभुज के बाह्य कोण की माप, त्रिभुज के अन्दर स्थित विपरीत दो कोणों के योग के बराबर होती है।

B तथा C पर बने वाह्य कोणों का योग

$= a + b + 110°$

$= (180 - 55°) + 110°$

$= 235°$

**111.** इनमें से गलत संख्या पहचानें–


Find out the wrong no. in a given series.

644, 328, 164, 84, 44, 24, 14

(A) 328 (B) 164

(C) 84 (D) 44

**111.** (A) शृखला निम्नवत् है–




अतः स्पष्ट है कि 328 के स्थान पर 324 होगा।

**112.** विलुप्त संख्या ज्ञात कीजिए–


Find the missing number.

101, 100, ......... 87, 71, 46

(A) 92 (B) 88

(C) 89 (D) 96

**112.** (D) शृखला निम्नवत् है–




स्पष्ट है कि लगातार संख्याओं के वर्ग को घटाकर शृखला बनाई गई है। अतः रिक्त स्थान पर 96 होगा।

Teachingninja.in



Teachingninja.in

**113.** एथेनॉल की कैलोरीफिक वैल्यू (KJ/g में) क्या है ?

What is the calorific value (in KJ/g) of Ethanol ?

(A) 55 (B) 150

(C) 30 (D) 35

**113.** (C) कैलोरीफिक वैल्यू ईंधन द्वारा उत्पादित ऊष्मा की वह मात्रा है, जो निश्चित दाब और सामान्य परिस्थिति में उत्पादित करता है। एथेनॉल की कैलोरीफिक वैल्यू 30 KJ/g है।

**114.** किण्वन प्रक्रिया द्वारा उत्पादित पहला विटामिन कौन–सा है ?

Which was the first vitamin to be produced by fermentation process ?

(A) विटामिन सी/Vitamin C

(B) विटामिन ए/Vitamin A

(C) विटामिन बी$_{12}$/Vitamin $B_{12}$

(D) विटामिन डी/Vitamin D

**114.** (A) किण्वन प्रक्रिया से उत्पादित पहला विटामिन, विटामिन C है। किण्वन प्रक्रिया मदिरा उत्पादन की सबसे महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। किण्वन प्रक्रिया में कुछ कवक, जिन्हें यीस्ट (खमीर) कहते हैं। शर्करा, ग्लूकोज, फ्रक्टोज आदि बड़े अणुओं को वायु की अनुपस्थिति में अपघटित करके एल्कोहॉल बनाते हैं।

**115.** निम्न में से कौन–सा भ्रूणपोषीय बीज नहीं है ?

Which of the following is not an endospermic seed ?

(A) एरंड/Castor (B) मक्का/Maize

(C) चावल/Rice (D) चना/Gram

**115.** (D) भ्रूणपोषीय बीजों के बीजपत्र में भोजन संचित होने के कारण यह मोटे होते हैं। एरंड, मक्का व चावल भ्रूणपोषीय बीज हैं।

**116.** एसीटोन और मिथाइल एल्कोहल के मिश्रण को अलग करने के लिए कौन–सी निम्नलिखित तकनीक का प्रयोग होता है ?

Which of the following technique is used to separate mixture of acetone and methyl alcohol ?

(A) सेंट्रीफ्यूगेशन/Centrifugation

(B) निर्वात् आसवन/Vacuum Distillation

(C) आंशिक आसवन/Fractional Distillation

(D) आसवन/Distillation

**116.** (C) आंशिक आसवन विधि के द्वारा एसीटोन और मिथाइल एल्कोहल के मिश्रण को अलग किया जाता है। आंशिक आसवन या प्रभाजी आसवन अलग–अलग क्वथनांक वाले मिश्रित द्रवों को भिन्न–भिन्न तापों पर आसुत करके पृथक् करने की प्रक्रिया है। इस प्रक्रिया द्वारा उन मिश्रित द्रवों को पृथक् किया जाता है, जिनके क्वथनांकों में बहुत कम अन्तर होता है।

**117.** आँसू का pH क्या होता है ?

What is the pH value of tears ?

(A) 7.4 (B) 8.5

(C) 6.0 (D) 6.3

**117.** (A) आँसू हल्के क्षारीय होते हैं, जिनका pH 7.4 (pH 6.5 से 7.6) होता है।

**118.** निम्न में से कौन–सी युक्ति विभिन्न उपकरणों को श्रेणी क्रम में जोड़ने के काम आती है ?

Which of the following device is used to connect various devices serially ?

(A) स्विच/Switch

(B) संयोजक तार/Connecting wire

(C) रेग्यूलेटर/Regulator

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं/None of the above

**118.** (B) संयोजक तार (Connecting wire) विभिन्न उपकरणों को श्रेणी क्रम में जोड़ने के काम आता है।

**119.** हरे फलों को कृत्रिम ढंग से पकाने हेतु प्रयुक्त गैस है–

The gas used for ripening of green fruits in an artificial manner :

(A) एसीटिलीन/Acetylene

(B) एथिलीन/Ethylene

(C) हाइड्रोजन/Hydrogen

(D) कार्बन डाइ-ऑक्साइड/Carbon Dioxide

**119.** (A) फलों को पकाने के लिए मुख्यत: एसीटलीन गैस का प्रयोग किया जाता है। इसमें आर्सेनिक तथा फास्फोरस पाया जाता है। इस प्रक्रिया में कैल्शियम कार्बाइड वातावरण में मौजूद नमी से क्रिया करके एसीटिलीन गैस बनाता है, जिससे फल पकता है। इसके अतिरिक्त ईथेन का प्रयोग भी किया जाता है।

**120.** यदि $a : b = \frac{2}{9} : \frac{1}{3}$, $b : c = \frac{2}{7} : \frac{5}{14}$ तथा $d : c = \frac{7}{10} : \frac{3}{5}$ हो, तो $a : b : c : d = ?$

If $a : b = \frac{2}{9} : \frac{1}{3}$, $b : c = \frac{2}{7} : \frac{5}{14}$ and $d : c = \frac{7}{10} : \frac{3}{5}$ then $a : b : c : d = ?$

(A) 16:24:25:50 (B) 18:24:30:35

(C) 16:24:30:35 (D) 16:24:30:50

**120.** (C)
$$a : b = \frac{2}{9} : \frac{1}{3} = 2 : 3$$
$$b : c = \frac{2}{7} : \frac{5}{14} = 4 : 5$$
$$c : d = \frac{3}{5} : \frac{7}{10} = 6 : 7$$

a : b : c : d
2 : 3 <u>3</u> <u>3</u>
<u>4</u> 4 : 5 5
<u>6</u> <u>6</u> 6 : 7
48 : 72 : 90 : 105
या 16 : 24 : 30 : 35

**121.** ₹ 3000 का 10 प्रतिशत वार्षिक दर पर 2 वर्ष 4 माह का चक्रवृद्धि ब्याज क्या होगा, जबकि ब्याज वार्षिक देय हो ?

The compound interest on ₹ 3000 at 10% p.a. payable annually for a period of 2 year and 4 month will be :

(A) ₹ 821 (B) ₹ 831

(C) ₹ 771 (D) ₹ 751

**121.** (D) सूत्र से,

$$A = P\left(1+\frac{r}{100}\right)^n$$ जहाँ A→मिश्रधन

P→मूलधन

$r$→दर

$n$→वर्षों की संख्या

$$A = 3000\left(1+\frac{10}{100}\right)^{2\text{ वर्ष }\frac{4}{12}\text{ वर्ष}}$$

$$= 3000\left(1+\frac{10}{100}\right)^2 \times \left(1+\frac{10}{100}\times\frac{4}{12}\right)$$

$$= 3000 \times \frac{11}{10} \times \frac{11}{10} \times \frac{31}{30}$$

= ₹ 3751

ब्याज = मिश्रधन – मूलधन

= 3751 – 3000 = ₹ 751



Teachingninja.in

122. लुप्त पद ज्ञात करें–

102, 99, 104, 97, 106, ?

(A) 94 (B) 95

(C) 96 (D) 100

122. (B) शृंखला निम्नवत् है–

102 (+2 →) 104 (+2 →) 106; 99 (−2 →) 97 (−2 →) **95**

102 99 104 97 106 [95]

123. ट्रांसफॉर्मर की खोज किसने की ?

Who has discovered transformer ?

(A) स्पैंगलर/Spangler

(B) जी. मार्कोनी/G. Marconi

(C) माइकल फैराडे/Michael Faraday

(D) वाल्टर हंट/Walter Hunt

123. (C) ट्रांसफार्मर के खोजकर्ता माइकल फैराडे थे। यह एक यंत्र है, जो विद्युत चुम्बकीय प्रेरण के सिद्धान्त पर कार्य करता है, जिसके द्वारा प्रत्यावर्ती धारा (AC) के वोल्टेज को कम या ज्यादा किया जाता है।

124. एप्सम का औद्योगिक नाम क्या है ?

What is the industrial name of Epsum ?

(A) मैग्नीशियम सल्फेट/Magnesium Sulphate

(B) फेरस सल्फेट/Ferrous Sulphate

(C) लेड ऑक्साइड/Lead Oxide

(D) लेड परॉक्साइड/Lead Peroxide

124. (A) मैग्नीशियम सल्फेट ($MgSO_4 \cdot 7H_2O$) को एप्सम कहते हैं। इसे हिन्दी में सेंधा नमक के नाम से जाना जाता है। इसका प्रयोग स्वास्थ्य और सौंदर्य प्रसाधन में किया जाता है।

125. मकड़ी में श्वसन अंग कौन–सा है ?

Which is the respiratory organ in spider ?

(A) शरीर की सतह/Body Surface

(B) बुक लंग्स/Book Lungs

(C) बुक गिल्स/Book Gills

(D) एयर ब्लैडर/Air Bladder

125. (B) मकड़ी का उत्सर्जन अंग Book Lungs (बुक लंग्स) होता है, जो एक धागेनुमा मैल्पीघी नलिकाएँ हैं, जो मध्यांत्र व पश्चांत्र के जोड़ पर स्थित होती हैं। यह अपशिष्ट पदार्थों को यूरिक एसिड के यूरेट के रूप में उत्सर्जित करती है।

126. हथेली में पाई जाने वाली हड्डी का नाम–

Name of the bone in palm :

(A) ह्यूमरस/Humerus

(B) रेडियो–अल्ना/Radio – ulna

(C) कार्पल्स/Carpals

(D) मेटा कार्पल्स/Meta carpals

126. (D) हथेली में मेटाकार्पल्स नामक 5 लम्बी अस्थि होती है। हाथ की हथेली में कलाई, हथेली तथा अँगुली की अस्थियाँ शामिल है। कलाई में दो पंक्तियों में 8 छोटी–छोटी अस्थियाँ शामिल होती है, जो स्नायु द्वारा जुड़ी रहती है। अँगुलियों में छोटी–छोटी 14 अस्थियाँ होती हैं।

127. अस्पताल में निम्नलिखित में से किस विभाग में 'कैथ लैब' होती है ?

In which of the following Departments of a hospital will "CATH LAB" be found ?

(A) पैथोलॉजी विभाग/Pathology

(B) शल्य चिकित्सा विभाग/Surgery

(C) कार्डियोलॉजी विभाग/Cardiology

(D) न्यूक्लियर मेडिसन विभाग/Nuclear Medicine

127. (C) अस्पताल के कार्डियोलॉजी विभाग में 'कैथ लैब' (Cath Lab) होती है।

128. निम्न में से कौन–से मधुमेह के लक्षण नहीं हैं ?

Which of the following is not a symptom of diabetes ?

(A) बहुत प्यास लगना/Feeling very thirsty

(B) साँस की कमी/Shortness of breath

(C) थकान महसूस करना/Feeling very tired

(D) वजन घटना/Weight loss

128. (B) मधुमेह के लक्षण–

(1) मूत्र में शर्करा की उपस्थिति (ग्लाइकोस सूरिया)

(2) कई बार मूत्र के लिए जाना

(3) अधिक भूख व प्यास लगना

(4) शरीर का वजन कम होना

(5) कमजोरी महसूस करना

(6) खून में शर्करा की अधिक मात्रा

मूत्र में ग्लूकोज की मात्रा 300–350 mg प्रति ml हो जाए, तो इसे मधुमेह कहते हैं।

129. ताप/ज्वर को कम करने के लिए निम्नलिखित में से कौन–सी दवा का इस्तेमाल होता है ?

Which of the following drug is used to reduce temperature/fever ?

(A) ट्रेंक्वीलाइजर/Tranquiliser

(B) अनेस्थेटिक/Anaesthetic

(C) एंटीपाइरेटिक्स/Antipyretics

(D) एंटीहिस्टामिंस/Antihistamines

129. (C)

| दवा | इलाज |
|---|---|
| (A) ट्रेंक्वीलाइजर | शांतिदायक दवा |
| (B) अनेस्थेटिक | निश्चेतक दवा |
| (C) एंटीपाइरेटिक्स | ज्वर नाशक |
| (D) एंटीहिस्टामिंस | एलर्जी |

130. 'स्पंजगुहा' किस जन्तु संघ का विशिष्ट लक्षण है ?

'Spongocoel' is a characteristic feature of which animal kingdom ?

(A) प्रोटोजोआ/Protozoa

(B) पोरीफेरा/Porifera

(C) निडेरिया/Cnidaria

(D) हैल्मिन्थीज/Helminthes

130. (B) स्पंजगुहा (Spongocoel) पोरीफेरा जन्तु संघ का विशिष्ट लक्षण है। इस संघ के जन्तुओं की सबसे बड़ी विशेषता है कि इनके शरीर की देहभित्ति में असंख्य सूक्ष्म ऑस्टिया (Ostia) नामक छिद्र होते हैं, जो इनके लिए मुखिकाओं का (Mouthlets) का काम करते हैं। इस संघ की जैविक क्रियाएँ जल की अविरल धारा पर निर्भर करती है, क्योंकि स्थिर प्राणियों में जल की धारा भोजन व ऑक्सीजन लाती है तथा उत्सर्जी पदार्थों एवं जनन उत्पादों को अपने साथ ले जाती है। बाहरी जल ऑस्टिया में से होकर स्पंजगुहा में पहुँचता है और आस्कुलम द्वारा बाहर निकलता है।

131. वह छोटी से छोटी संख्या ज्ञात कीजिये, जिसे क्रमश: 24, 32 व 36 से विभाजित करने पर प्राप्त शेषफल 19, 27 व 31 है।

Find out the smallest no. which on division by 24, 32 and 36 gives 19, 27 and 31 as remainder respectively.

(A) 283 (B) 273

(C) 281 (D) 285

131. (A) ल.स.प. (24, 32, 36) = 288

| | |
|---|---|
| 2 | 24, 32, 36 |
| 2 | 12, 16, 18 |
| 3 | 6, 8, 9 |
| 2 | 2, 8, 3 |
| | 1, 4, 3 |

$= 2 \times 2 \times 3 \times 2 \times 4 \times 3 = 288$

$\because \frac{24 \; -19}{5}, \frac{32 \; -27}{5}, \frac{36 \; -31}{5}$


अभीष्ट संख्या = 288 – 5 = 283

132. दर्शाए गये चित्र में ABCD एक समान्तर चतुर्भुज है, जिसके ∠DAB = 75° और ∠DBC = 60°, तो ∠BDC बराबर होगा–



Teachingninja.in

In a given figure, ABCD is a parallelogram in which ∠DAB = 75° and ∠DBC = 60° then, ∠BDC is equal to :




(A) $75^0$ (B) $60^0$
(C) $45^0$ (D) $55^0$

132. (C) ∠ADB = ∠DBC = 60°
(एकान्तर कोण)
∠ABD = 180° − 60° − 75° = 45°
(∵ AB ∥ CD)
∠ABD = ∠BDC (एकान्तर कोण)
∠BDC = 45° (∵ AB ∥ CD)

133. $\left(\frac{0.125 \times 0.125 - 0.004 \times 0.004}{0.125 + 0.004}\right)$ का मान होगा–

The value of

$\left(\frac{0.125 \times 0.125 - 0.004 \times 0.004}{0.125 + 0.004}\right)$ is :

(A) 0.129 (B) 0.121
(C) 0.6 (D) 0.03125

133. (B) $\frac{0.125 \times 0.125 - 0.004 \times 0.004}{0.125 + 0.004}$

$\Rightarrow \frac{(0.125 + 0.004)(0.125 - 0.004)}{0.125 + 0.004}$

[∵ $(a^2+b^2) = (a + b)(a - b)$]

$\Rightarrow 0.121$

134. डिनेचर्ड (विकृतिकृत) एल्कोहल क्या होता है ?
What is denatured alcohol ?
(A) एथेनॉल/Ethanol
(B) एथेनॉल + ब्यूटेनॉल/Ethanol + Butanol
(C) एथेनॉल + मेथेनॉल/Ethanol + Methanol
(D) मेथेनॉल + ब्यूटेनॉल/Methanol + Butanol

134. (C) डिनेचर्ड (विकृतिकृत) एल्कोहल एथेनॉल (90%) और मेथेनॉल (10%) का मिश्रण होता है।

135. निम्नलिखित में कौन–सी फसल अगेतीझूलसा रोग से प्रभावित होती है ?
Which of the following crop is affected by early blight disease ?
(A) आलू/Potato (B) चावल/Rice
(C) गन्ना/Sugarcane (D) गेहूँ/Wheat

135. (A) आलू अगेतीझूलसा (blight disease) रोग से प्रभावित होता है। गन्ना लाल गलन रोग से तथा गेहूँ को लगने वाला प्रमुख रोग काला किट्ट तथा श्लथ कंड है।

136. यदि $\left(x+\frac{1}{x}\right) = 3$, तब $\left(x^2+\frac{1}{x^2}\right)$ बराबर होगा–

If $\left(x+\frac{1}{x}\right) = 3$, then $\left(x^2+\frac{1}{x^2}\right) - 3$ is equal to :

(A) 10/3 (B) 82/9
(C) 7 (D) 11

136. (C) $\left(x+\frac{1}{x}\right) = 3$

(दोनों तरफ वर्ग करने पर)

$\Rightarrow \left(x+\frac{1}{x}\right)^2 = 3^2$

$\Rightarrow x^2 + \frac{1}{x^2} + 2x \times \frac{1}{x} = 9$

$\Rightarrow x^2 + \frac{1}{x^2} + 2 = 9$

$\Rightarrow x^2 + \frac{1}{x^2} = 9 - 2$

$\Rightarrow x^2 + \frac{1}{x^2} = 7$

137. 'MOMENT' शब्द के अक्षरों को कितनी तरह से क्रमबद्ध कर सकते हैं ?
In how many ways can the letters of the word 'MOMENT' be arranged ?
(A) 360 (B) 60
(C) 720 (D) 120

137. (A) MOMENT शब्द में अक्षरों की संख्या = 6
∵ MOMENT शब्द में M दो बार आया है
∴ अभीष्ट क्रमचयों की संख्या = $\frac{6!}{2!}$
$= \frac{6 \times 5 \times 4 \times 3 \times 2 \times 1}{2 \times 1} = 360$

138. किसी व्यक्ति का पूरा प्रतिबिंब देखने के लिए एक समतल दर्पण की न्यूनतम ऊँचाई होती है–
The minimum height of a plane mirror to view the full image of a person is :
(A) व्यक्ति की ऊँचाई के बराबर/Equal to the height of the person
(B) व्यक्ति की ऊँचाई की आधी/Half the height of the person
(C) व्यक्ति की ऊँचाई का एक–चौथाई/One-fourth the height of the person
(D) व्यक्ति की ऊँचाई की दुगुनी/Double the height of the person

138. (B) यदि कोई h ऊँचाई का व्यक्ति समतल दर्पण में अपना पूर्ण प्रतिबिम्ब देखना चाहता है, तो समतल दर्पण की न्यूनतम ऊँचाई h/2 होनी चाहिए।

139. चुम्बकीय प्रेरण का SI मात्रक क्या है ?
What is the S.I. unit of magnetic induction ?
(A) पॉइज/Poise
(B) टेस्ला/Tesla
(C) डायोप्टर/Dioptre
(D) कैन्डेला/Candela

139. (B) टेस्ला चुम्बकीय प्रेरण की S.I. इकाई है।
$10^{-4}$ टेस्ला = 1 गौस
1 गौस = 1 बेवर/मी$^2$

140. $\frac{(0.73)^3 + (0.27)^3}{(0.73)^2 + (0.27)^2 - 0.73 \times 0.27} = ?$

(A) 0.27 (B) 0.4087
(C) 0.73 (D) 1

140. (D) $\frac{(0.73)^3 + (0.27)^3}{(0.73)^2 + (0.27)^2 - 0.73 \times 0.27} = ?$


$\Rightarrow \frac{(0.73+0.27)\left[(0.73)^2 + (0.27)^2 - 0.73 \times 0.27\right]}{\left[(0.73)^2 + (0.27)^2 - 0.73 \times 0.27\right]}$

$\Rightarrow 0.73 + 0.27 = 1$

141. चीटियों के अध्ययन को क्या कहते हैं ?
Study of ants is known as :
(A) मर्मिकोलॉजी/Myrmecology
(B) हरपैटोलॉजी/Herpetology
(C) निमैटोलॉजी/Nematology
(D) नीडोलॉजी/Nidology

141. (A) मर्मिकोलॉजी – चींटियों का अध्ययन
हरपैटोलॉजी – सरीसृप वर्ग का अध्ययन
निमैटोलॉजी – निमैटोड का अध्ययन
नीडोलॉजी – पक्षियों के घोंसले का अध्ययन

142. यदि O वृत्त का केन्द्र है, तब संलग्न चित्र में $x$ का मान है–
If O is centre of the circle, then find the value of x in the given figure :




(A) $70^0$ (B) $80^0$
(C) $60^0$ (D) $50^0$



Teachingninja.in

**142.** (B) $BOC = 360 - [110^0 + 90^0]$

$= 360^0 - 200^0 = 160^0$

$\therefore BAC = 160^0/2 = 80^0$

**143.** किन्हीं दो संख्याओं का योग 528 है एवं उनका महत्तम समापवर्तक 33 है, ऐसे जोड़ों की संख्या होगी–

The sum of two numbers is 528 and their H.C.F. is 33. The number of such pairs is :

(A) 3 (B) 4

(C) 5 (D) 2

**143.** (B) माना संख्याओं का अनुपात $x : y$ है।

तो संख्याएँ $= 33x, 33y$

$33x + 33y = 528$

$x + y = \frac{528}{33} = 16$

सभावित जोड़े–

(1, 15)

(3, 13)

(5, 11)

(7, 9)

चार युग्म सम्भव है।

**144.** बिन्दु (7, 3) और (4, –1) के बीच की दूरी ज्ञात करो–

Find the distance between (7, 3) and (4, –1)

(A) 5 इकाई (B) 3 इकाई

(C) 2 इकाई (D) 6 इकाई

**144.** (A) दूरी $= \sqrt{(x_2 - x_1)^2 + (y_2 - y_1)^2}$

$= \sqrt{(4-7)^2 + (-1-3)^2}$

$= \sqrt{(-3)^2 + (-4)^2}$

$= \sqrt{9+16} = \sqrt{25}$

= 5 इकाई

**145.** कितने वर्ष में ₹ 19,200 की राशि पर 10% प्रतिवर्ष के दर से चक्रवृद्धि ब्याज ₹ 4032 होगा ?

In how many years, the compound interest on an amount of ₹ 19200 at the rate of 10% p.a. will be ₹ 4032 ?

(A) $1\frac{1}{2}$ वर्ष (B) $2\frac{1}{2}$ वर्ष

(C) 2 वर्ष (D) 3 वर्ष

**145.** (C) सूत्र

$C.I. = P\left[\left(1+\frac{r}{100}\right)^t - 1\right]$

$4032 = 19200\left[\left(1+\frac{10}{100}\right)^t - 1\right]$

$19200\left(\frac{110}{100}\right)^t = 4032 + 19200$

$\left(\frac{11}{10}\right)^t = \frac{121 \times 192}{192 \times 100}$

$\left(\frac{11}{10}\right)^t = \left(\frac{11}{10}\right)^2$

$t = 2$

**146.** प्याजों के छिलके उतारने पर आँसू आते हैं, क्योंकि प्याज निष्कासित करते हैं–

Peeling of Onions causes tears as onion release :

(A) सल्फोनिक अम्ल/Sulphonic Acid

(B) सल्फेनिक अम्ल/Sulfenic Acid

(C) अमीनो अम्ल/Amino Acid

(D) कार्बोलिक अम्ल/Carbolic Acid

**146.** (B) प्याजों के छिलके उतारने पर आँसू आने का कारण सल्फेनिक अम्ल है।

**147.** ऑक्सीजन का क्रांतिक ताप कितना है ?

Critical temperature of oxygen is :

(A) $240^0C$ (B) $147.1^0C$

(C) $273.16^0C$ (D) $118.8^0C$

**147.** (D) क्रांतिक ताप वह अवस्था है, जिसके नीचे गैसों को दाब द्वारा द्रव में नहीं बदला जा सकता। ऑक्सीजन का क्रान्तिक ताप 118° 8°C होता है।

**148.** एक शंक्वाकार तम्बू के आधार की त्रिज्या 7 मीटर तथा ऊँचाई 24 मीटर है। इसे बनाने में 1.25 मीटर चौड़ा कपड़ा कितना लगेगा ?

The radius of base of a conical tent is 7 meter and its height is 24 meter. How much 1.25 meter wide cloth will be required to make it ?


(A) 320 मीटर/320 m

(B) 520 मीटर/520 m

(C) 400 मीटर/400 m

(D) 440 मीटर/440 m

**148.** (D)




शंकु का वक्रपृष्ठ $\pi rl$ = कपड़े की मात्रा

दिया है $r = 7$ मी

$h = 24$ मी

$l = \sqrt{r^2 + h^2}$

$= \sqrt{7^2 + 24^2}$

$l = 25$ मी

आवश्यक कपड़े की मात्रा $= \pi rl$

$= \frac{22}{7} \times 7 \times 25$

= 550 मी$^2$

अब,

$\because$ कपड़े की ल. × चौ. = 550 मी$^2$

$\therefore$ कपड़े की लम्बाई $= \frac{550}{1.25}$

= 440 मी

**149.** किस उद्देश्य से पोटैशियम ब्रोमाइड का प्रयोग किया जाता है ?

For which purpose potassium bromide is used ?

(A) साबुन/Soap

(B) बारूद/Gun Powder

(C) फोटोग्राफी/Photography

(D) अंकुरनाशक दवा/Germicide

**149.** (C) पोटैशियम ब्रोमाइड (KBr) का प्रयोग फोटोग्राफी में किया जाता है।

**150.** 'हास्य गैस' क्या है ?

What is 'laughing gas' ?

(A) नाइट्रिक ऑक्साइड/Nitric Oxide

(B) नाइट्रोजन पेंटाऑक्साइड/Nitrogen Penta Oxide

(C) नाइट्रोजन परॉक्साइड/Nitrogen Peroxide

(D) नाइट्रस ऑक्साइड/Nitrous Oxide

**150.** (D) नाइट्रस ऑक्साइड का स्वाद मीठा होता है। यह एक रंगहीन गैस है। इसको सूंघने से उत्तेजना की वजह से हँसी आने लगती है और निश्चेतना उत्पन्न होती है।



Teachingninja.in

151. वाक्य में प्रयुक्त लोकोक्ति का उचित शाब्दिक अर्थ–

FRESH-BLOOD

(A) ताजा खून (B) स्वच्छ खून
(C) नया खून (D) साफ खून

151. (C) **'FRESH-BLOOD'** लोकोक्ति का सही शाब्दिक अर्थ–'नया खून' होता है, जबकि ताजा खून, स्वच्छ खून या साफ खून लोकोक्ति के अर्थ के अनुसार गलत है।

152. समास बताइये–'भरपेट'

(A) अव्ययीभाव समास
(B) द्वंद्व समास
(C) तत्पुरुष समास
(D) बहुव्रीहि समास

152. (A) 'भरपेट' का समास विग्रह 'भर–पेट' होगा। इसमें अव्ययी भाव समास है। अव्ययीभाव समास में पूर्वपद अव्यय होता है तथा यही प्रधान होता है। समस्त पद अव्यय की भाँति प्रयोग होते हैं। द्वंद्व समास में दोनों पद प्रधान होते हैं, इसमें 'और', 'या', 'अथवा' का लोप होता है। इसके उदाहरण हैं–सीताराम, पाप–पुण्य, रात–दिन आदि। तत्पुरुष समास का उत्तर पद प्रधान होता है। कर्म से लेकर अधिकरण तक इसके कुल 6 भेद होते हैं। इसके उदाहरण हैं–तुलसीकृत, रसोईघर, धनहीन, राजपुत्र, पुरुष सिंह आदि। बहुव्रीहि समास में दोनों पद प्रधान नहीं होते बल्कि अन्य अर्थ प्रधान होता है। इसके उदाहरण हैं–लम्बोदर, चक्रधर, दशानन आदि।

153. "एक दिन बैठे–बैठे यह बात अपने ध्यान में चढ़ी कि कोई कहानी ऐसी कहिये कि जिसमें 'हिन्दवी' छुट और किसी बोली का पुट न मिले।" पंक्ति किस लेखक की है ?

(A) मलिक मोहम्मद जायसी
(B) मुंशी इंशा अल्ला खाँ
(C) राजा शिवप्रसाद 'सितारेहिन्द'
(D) मुंशी सदासुखलाल

153. (B) "एक दिन बैठे–बैठे यह बात अपने ध्यान में चढ़ी कि कोई कहानी ऐसी कहिये कि जिसमें 'हिन्दवी' छुट और किसी बोली का पुट न मिले।" यह पंक्ति मुंशी इंशा अल्ला खाँ की कृति 'रानी केतकी की कहानी' से उद्धृत है। मलिक मोहम्मद जायसी की पंक्तियाँ इस तरह हैं–
"तुरकी अरबी हिन्दवी भाषा जेतो आहि,
जामें मारग प्रेम का सबै सराहैं ताहि।"

154. निम्न में से क्रिया–विशेषण अव्यय चुनिए–

(A) कुत्ता भौंक रहा है
(B) राम खाना खा रहा है
(C) अधिक मत बोलो
(D) राधा रातभर जागती रही

154. (D) क्रिया की विशेषता बताने वाले शब्द क्रिया–विशेषण कहलाते हैं। क्रिया–विशेषण मुख्यतः चार प्रकार के होते हैं–(1) कालवाचक क्रिया–विशेषण; जैसे– कभी-कभी, प्रायः, सदा, दिनभर, रातभर आदि। (2) परिमाणवाचक क्रिया विशेषण; जैसे–कम, अधिक, ज्यादा आदि। (3) स्थानवाचक क्रिया–विशेषण; जैसे– अन्दर, बाहर, ऊपर, नीचे आदि। (4) रीतिवाचक क्रिया विशेषण; जैसे–धीरे, तेज, धीरे–धीरे, अचानक आदि। 'राधा रातभर जागती रही'। में काल- वाचक क्रिया विशेषण है। 'अधिक मत बोलो' वाक्य में 'मत' निपात के रूप में प्रयुक्त है, परन्तु 'मत' रीतिवाचक क्रिया विशेषण के रूप में भी प्रयुक्त होता है। अतः विकल्प (D) सही उत्तर है।

155. निम्न में से कौन जीवनी है ?

(A) अतीत के चलचित्र
(B) चिन्तामणि
(C) आवारा मसीहा
(D) नीड़ का निर्माण फिर

155. (C) 'आवारा मसीहा' विष्णु प्रभाकर द्वारा लिखित प्रसिद्ध बांग्ला लेखक शरतचंद्र चट्टोपाध्याय की जीवनी है, जबकि 'अतीत के चलचित्र' महादेवी वर्मा द्वारा रचित एक रेखाचित्र है। चिन्तामणि आचार्य रामचन्द्र शुक्ल द्वारा लिखित हिन्दी का निबन्धात्मक ग्रंथ है। इसके दो भाग हैं। 'नीड़ का निर्माण फिर' हरिवंश राय बच्चन द्वारा लिखित आत्मकथा है।

## निर्देश (प्रश्न संख्या 156 से 158 तक)

### अपठित

"इस संसार में धन ही सब कुछ नहीं है। धन की पूजा तो बहुत कम जगहों में होती देखी गयी है। संसार का इतिहास उठाकर देखिए और उदाहरण ढूँढ–ढूँढ कर सामने रखिये तो आपको विदित हो जायेगा कि जिनकी हम उपासना करते हैं, जिसके लिये हम आँखें बिछाने तक को तैयार रहते हैं, जिसकी स्मृति तरोताजा रखने के लिये हम अनेक तरह के स्मारक चिह्न बनाकर खड़े करते हैं, उन्होंने रुपया कमाने में अपना समय नहीं बिताया था, बल्कि उन्हीं ने कुछ ऐसे काम किये थे, जिनकी महत्ता हम रुपये से अधिक मूल्यवान समझते हैं। जिन लोगों के जीवन का उद्देश्य केवल रुपया बटोरना है उनकी प्रतिष्ठा कम हुई है। अधिकांश अवस्थाओं में उन्हें किसी ने पूछा तक नहीं है। उन्होंने जन्म लिया, रुपया कमाया और परलोक की यात्रा की। किसी ने जाना तक नहीं कि वे कौन थे और कहाँ गये। मानव समाज स्वार्थी अवश्य है, पर वह स्वार्थ की उपासना करना नहीं जानता। अन्त में वे ही पूजे जाते हैं जिन्होंने अपने जीवन को अर्पित करते समय सच्चे मनुष्यत्व का परिचय दिया है।"

156. गद्यांश का उचित शीर्षक होगा–

(A) धन की लोलुपता
(B) धन की महत्ता
(C) धन और मनुष्यता
(D) मनुष्यता का महत्व

156. (C) प्रस्तुत गद्यांश में लेखक ने इस संसार में धन और मनुष्यता के बीच अंतर स्पष्ट किया है। अतः इसका शीर्षक 'धन और मनुष्यता' ही उचित होगा।

157. उपर्युक्त गद्यांश के अनुसार संसार में किस तरह के मनुष्य की पूजा होती है ?

(A) जो धनार्जन एवं त्याग दोनों करता है
(B) जो पैसों को कल्याणकारी कार्यों में लगाता है
(C) जो मानवता की सेवा में लगा रहता है
(D) जो सच्चे मनुष्यत्व के लिए कार्य करता है

157. (D) प्रस्तुत गद्यांश में लेखक धन को ही सब कुछ नहीं मानता है, धन की पूजा बहुत ही कम जगहों पर देखने को मिलती है, संसार का इतिहास उठाकर देखने पर ज्ञात होता है कि अंत में उसी मनुष्य की पूजा होती है जो मनुष्यत्व के लिए कार्य करता है।

158. धन की पूजा से क्या अभिप्राय है ?

(A) धन से ज्यादा मानवता प्रबल है
(B) धन कमाने वाला अधिक नाम नहीं कर पाता है
(C) धन की पूजा व्यक्ति को स्वार्थी बनाती है
(D) धन कमाने की अपेक्षा सच्चा मनुष्य होना ज्यादा अच्छा है

158. (D) गद्यांश की दूसरी पंक्ति–'धन की पूजा तो बहुत कम स्थानों पर होती देखी गयी है' एवं अंतिम पंक्ति–'अन्त में वे ही पूजे जाते हैं, जिन्होंने अपने जीवन को अर्पित करते समय सच्चे मनुष्यत्व का आदर्श प्रस्तुत किया है।' यहाँ 'धन की पूजा' का आशय स्पष्ट है कि धन कमाने की अपेक्षा सच्चा मनुष्य होना आवश्यक है।



Teachingninja.in

159. शुद्ध शब्द छाँटिए–

(A) अभ्यस्थ (B) अभियस्त

(C) अभ्यस्त (D) अभयस्त

159. (C) 'अभ्यस्त' शब्द वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध है। बाकी सभी अशुद्ध शब्द हैं।

160. कौन–सा शब्द तुर्की भाषा का नहीं है ?

(A) पैगम्बर (B) बेगम

(C) चेचक (D) बारूद

160. (A) 'पैगम्बर' शब्द तुर्की भाषा का नहीं है और सभी अरबी भाषा के शब्द हैं। पैगम्बर का अर्थ होता है पैगाम देने वाला। जबकि बेगम, चेचक तथा बारूद शब्द तुर्की भाषा के शब्द हैं।

161. जल, प्राण, पुत्र, किस शब्द का अनेकार्थी है ?

(A) औषधि (B) सार

(C) तत्व (D) जीवन

161. (D) 'जीवन' एक अनेकार्थी शब्द है जिसका अर्थ–जल, प्राण, पुत्र, जिन्दगी, जीविका-निर्वाह आदि है। इसी तरह 'सार' का अर्थ है–तत्व, निष्कर्ष, रस, रसा, लाभ, धैर्य आदि।

162. उपवाक्य पहचानिए–

"वह आदमी जो कल आया था, आज भी आया है।"

(A) संज्ञा उपवाक्य

(B) विशेषण उपवाक्य

(C) क्रिया विशेषण उपवाक्य

(D) क्रिया उपवाक्य

162. (B) "वह आदमी जो कल आया था, आज भी आया है।" इस वाक्य में 'जो कल आया था' आश्रित उपवाक्य विशेष उपवाक्य का उदाहरण है। जो आश्रित उपवाक्य विशेषण की तरह कार्य करते हैं, विशेषण उपवाक्य कहलाते हैं। इसमें प्रायः जो, जैसा, जितना इत्यादि शब्दों का प्रयोग होता है।

163. कौन–सी ध्वनि महाप्राण नहीं है ?

(A) ख (B) घ

(C) ज (D) झ

163. (C) 'ज' ध्वनि महाप्राण ध्वनि नहीं है। महाप्राण ध्वनियों के उच्चारण में 'हकार' जैसी ध्वनि विशेष रूप से रहती है और इसमें वायु (श्वास) अधिक मात्रा में लगती है। प्रत्येक वर्ग का दूसरा एवं चौथा वर्ण महाप्राण होता है, जबकि अल्पप्राण ध्वनियों में अपेक्षाकृत कम वायु प्रयुक्त होती है। प्रत्येक वर्ग का पहला, तीसरा, पाँचवाँ तथा य, र, ल, व अल्पप्राण ध्वनियाँ हैं।

164. निम्नलिखित पद में कौन–सा पद 'वैया' प्रत्यय लगाने से बना है ?

(A) रवैया (B) डटैया

(C) खवैया (D) बचैया

164. (C) 'खाना' क्रिया में 'वैया' प्रत्यय लगाने से 'खवैया' शब्द बनता है। यह एक कृदन्त प्रत्यय है। कृदन्त प्रत्यय क्रियाओं में लगते हैं। इसके अतिरिक्त 'डाँटना' में 'ऐया' प्रत्यय लगाकर 'डटैया' तथा 'बचाना' में 'ऐया' प्रत्यय लगाकर 'बचैया' शब्द बनता है।

165. निम्न में एक 'देवता' का पर्यायवाची नहीं है–

(A) निर्जर (B) त्रिदश

(C) किंकर (D) गीर्वाण

165. (C) 'किंकर' देवता का पर्यायवाची नहीं है, यह सेवक का पर्यायवाची है। सेवक के अन्य पर्यायवाची–नौकर, चाकर, दास, भृत्य, परिचारक, चेरा आदि हैं। जबकि निर्जर, त्रिदश, गीर्वाण देवता के पर्यायवाची हैं। देवता के अन्य पर्यायवाची अमर, देव, सुर, विबुध, अमृतेश, अपहर्य आदि हैं।

166. 'अन्वीक्षण' का सन्धि–विच्छेद करिए–

(A) अन + वीक्षण (B) अनु + ऐषण

(C) अनु + ईक्षण (D) अन्वी + क्षण

166. (C) 'अन्वीक्षण' का सन्धि–विच्छेद 'अनु + ईक्षण' होता है। इसमें यण संधि है। यण संधि में यदि इ, ई, उ, ऊ और ऋ के बाद कोई भिन्न स्वर आता है तो इ, ई का 'य्', उ, ऊ का 'व्' और 'ऋ' का 'र्' हो जाता है।

167. 'गौः + चरति' की सन्धि है–

(A) गोस्चरति (B) गौचरति

(C) गौश्चरति (D) गौहचरति

167. (C) 'गौः + चरति' की सन्धि 'गौश्चरति' है। यदि विसर्ग के बाद 'च–छ' हो तो विसर्ग का 'श्', 'ट–ठ' हो तो 'ष्' और 'त–थ' हो तो 'स्' हो जाता है। इसके अन्य उदाहरण इस प्रकार हैं–निः + चय = निश्चय

धनुः + टंकार = धनुष्टंकार

निः + तार = निस्तार

निः + छल = निश्छल

168. 'ठेठ हिन्दी का ठाठ' किसकी रचना है ?

(A) ज्योतिरीश्वर ठाकुर

(B) अयोध्यासिंह उपाध्याय 'हरिऔध'

(C) किशोरीदास बाजपेयी

(D) चंद्रधर शर्मा गुलेरी

168. (B) 'ठेठ हिन्दी का ठाठ' अयोध्या सिंह उपाध्याय 'हरिऔध' द्वारा रचित उपन्यास है। 'अधखिला फूल' इनका अन्य उपन्यास है। जबकि ज्योतिरीश्वर ठाकुर की रचना 'वर्णन– रत्नाकर' नामक गद्य काव्य है। किशोरीदास वाजपेयी हिन्दी के सुप्रसिद्ध व्याकरणाचार्य थे। हिन्दी शब्दानुशासन, हिन्दी शब्द मीमांसा, हिन्दी वर्तनी एवं शब्द विश्लेषण, भारतीय भाषा विज्ञान आदि इनकी प्रमुख कृतियाँ हैं। पं. चन्द्रधर शर्मा गुलेरी अपनी कहानी 'उसने कहा था' से प्रसिद्ध है।

169. शुद्ध वाक्य छाँटिए–

(A) उस वन में प्रातःकाल के समय का दृश्य बहुत ही सुहावना होता था।

(B) उस वन में सुबह के समय का दृश्य बहुत ही सुहावना होता था।

(C) उस वन में प्रातःकाल का दृश्य बहुत ही सुहावना होता था।

(D) उस वन में सवेरे के समय का दृश्य बड़ा ही मनोरम होता था।

169. (C) "उस वन में प्रातःकाल का दृश्य बहुत ही सुहावना होता था।" वाक्य शुद्ध है। प्रातःकाल, सुबह एवं सवेरे के साथ 'समय' शब्द का प्रयोग नहीं होता है। अतः शेष तीनों विकल्प में निहित वाक्य अशुद्ध है।

170. किस शब्द में उपसर्ग नहीं है ?

(A) अपवाद (B) पराजय

(C) प्रभाव (D) ओढ़ना

170. (D) 'ओढ़ना' शब्द में उपसर्ग नहीं है, बल्कि यह क्रिया है, जबकि 'अपवाद' में 'अप', 'पराजय' में 'परा' तथा 'प्रभाव' में 'प्र' उपसर्ग लगा है।

171. निम्नलिखित में स्त्रीलिंग शब्द है–

(A) किन्नर (B) अहिंसा

(C) अंतरी (D) अपरिग्रह

171. (B) 'अहिंसा' स्त्रीलिंग शब्द है। शेष सभी पुल्लिग शब्द हैं। अन्य स्त्रीलिंग शब्द इस प्रकार हैं–मिठाई, नौकरी, चेचक, घुड़साल, फरियाद आदि।



Teachingninja.in

172. 'रत्नावली दोहा संग्रह' किसके द्वारा रचा गया ?

(A) रत्नावली (B) तुलसीदास

(C) बिहारी (D) रामानंद

172. (A) 'रत्नावली दोहा संग्रह' की रचना रत्नावली द्वारा की गयी है।

173. लिंग बताइये–

मन–गढ़न्त

(A) पुल्लिग (B) स्त्रीलिंग

(C) उभयलिंग (D) नपुंसकलिंग

173. (C) 'मन–गढ़न्त' एक विशेषण शब्द है, जो जिस विशेष्य के साथ प्रयुक्त होता है, वही लिंग धारण कर लेता है। अत: यह उभयलिंगी शब्द है।

174. वाक्यांश का एक शब्द बनाइये–

'जिसके हृदय में ममता नहीं है।'

(A) निर्मम (B) निर्दय

(C) निर्भय (D) निहृदय

174. (A) "जिसके हृदय में ममता नहीं है।" वाक्यांश के लिए एक शब्द 'निर्मम' होता है। जबकि 'जिसके हृदय में दया न हो' के लिए 'निर्दय', 'जो डरे नहीं' के लिए निर्भय शब्द होता है।

175. किस वाक्य में विराम चिह्न का उचित प्रयोग नहीं है ?

(A) मैं मनुष्य में मानवता देखना चाहती हूँ। उसे देवता बनाने की मेरी इच्छा नहीं।

(B) वह दूर से, बहुत दूर से आ रहा है।

(C) सुनो! सुनो! वह गा रही है।

(D) प्रिय महाशय, मैं आपका आभारी हूँ।

175. (D) 'प्रिय महाशय, मैं आपका आभारी हूँ।' इसमें प्रिय महाशय के बाद! चिह्न का प्रयोग होना चाहिए।



Teachingninja.in